#History Created

आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक 185- ● जबलपुर ● गुरुवार, 5 अगस्त, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● श्रावण कृष्ण पक्ष -13 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935





# प्रफुल्लित भारत! प्रेरित भारत! गर्वित भारत

## चक्क दित्ते फट्टेः बेटों की जीत पर पंजाब-हरियाणा में दिवाली सा जश्न, कहीं हॉकी लहराई कहीं घेवर बंटा

## ओलंपिक हॉकी में भारत की ऐतिहासिक जीत, मिला कांस्य पदक

# हर वार का तोड़, 24 में से 20 गोल शॉट बचाकर इतिहास रचा



**टोक्यो।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने गुरुवार को कांस्य पदक के मुकाबले में जर्मनी को करारी शिकस्त दी। इसी के साथ भारतीय हॉकी टीम ने 41 साल बाद ओलंपिक में पदक अपने नाम किया। जर्मनी की टीम अपने आक्रामक खेल के लिए जानी जाती है और भारत ने इसी बात का खास ख्याल रखा। उसने न सिर्फ जर्मनी के आक्रमण का बखूबी जवाब दिया, बल्कि मौका मिलने पर गोल करने से भी नहीं चूका। भारत की जीत का सबसे बड़ा कारण रही- जर्मनी के अटैक के खिलाफ उसकी प्लानिंग। भारत ने जर्मनी के आक्रमण का मुंहतोड़ जवाब दिया। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जर्मनी ने मैच में कुल 24 गोल शॉट लगाए। इसमें भारतीय डिफेंडरों ने 20 बार उसे कामयाब नहीं होने दिया। भारतीय हॉकी टीम की इस जीत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एतिहासिक बताया है। पीएम मोदी ने लगातार दो ट्वीट किए हैं। एक ट्वीट में उन्होंने हिंदी में और दूसरा अंग्रेजी में किया है। पीएम मोदी ने अपने ट्वीट में लिखा, एतिहासिक! एक ऐसा दिन जो हर भारतीय की जेहन में रहेगा। कांस्य पदक जीतने के लिए हमारी पुरुष हॉकी टीम को बधाई। इस उपलब्धि के साथ टीम पूरे देश, खासकर हमारे युवाओं उम्मीदों पर खरी उतरी है। भारत को अपनी हॉकी टीम पर गर्व है। एक अन्य ट्वीट में पीएम मोदी ने लिखा, प्रफुल्लित भारत! प्रेरित भारत! गर्वित भारत! टोक्यो में हॉकी टीम की शानदार जीत पूरे देश के लिए गर्व का क्षण है। *पेज 7 पर भी...*

### मध्यप्रदेश के विवेक के घर मन रहा जश्न

टीम में मध्य प्रदेश से प्रतिनिधित्व कर रहे चांदोन गांव के खिलाड़ी विवेक सागर का पूरा गांव खुशी से झूम उठा। विवेक के भाई विद्या सागर ने नवदुनिया को बताया कि मैच के आखिरी 6 सेकंड पूरा परिवार दिल थामकर बैठा रहा। जैसे ही मैच खत?म हुआ, पिता रोहित सागर और मां कमला देवी की आंखों से आंसू आ गए। विद्या सागर ने सुबह जीत के बाद विवेक से बात की। विवेक ने कहा कि वह 3 दिन बाद इटारसी लौटेंगे।

### ओलंपिक में भारतीय हॉकी

भारत ओलंपिक में सबसे सफल टीम है जिसने 8 स्वर्ण पदक जीते हैं। लेकिन पुरुष हॉकी टीम ने 1980 में स्वर्ण पदक जीतने के बाद से कोई पदक नहीं जीता है। स्वर्ण पदक जीतने का सपना कुछ दिन पहले ही समाप्त हो गया। हालांकि भारत के पास कांस्य पदक के साथ अभियान खत्म करने का मौका है। भारतीय हॉकी के इतिहास में यह एक बहुत बड़ा क्षण है क्योंकि आज की जीत क्रिकेट के प्रति जुनूनी देश में हॉकी को फिर से जिंदा करने के लिए जरूरी है।

## फटाफट खबरें



### पीके ने मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह के सलाहकार पद से दिया इस्तीफा

**बेंगलूरू ।** चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह के सलाहकार पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने इस्तीफा देते हुए कहा कि सार्वजनिक जीवन में सक्रिय भूमिका से अस्थायी अवकाश लेने के अपने निर्णय के मद्देनजर वे सीएम के प्रधान सलाहकार के रूप में जिम्मेदारियों को संभालने में सक्षम नहीं हैं। उन्होंने कैप्टन से अनुरोध किया कि उन्हें इस जिम्मेदारी से मुक्त किया जाए।

### बाढ़ की स्थिति का जायजा लेने सीएम शिवराज ने बुलाई बैठक

**भोपाल।** सीएम शिवराज सिंह चौहान ने निवास में बाढ़ की स्थिति और राहत कार्यों का जायजा लेने के लिए आपत बैठक बुलाई। जिसमें गृहमंत्री, सीएस, डीजीपी सहित अन्य आला अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का जिला प्रशासन, जिलों के प्रभारी मंत्री वर्चुअल जुड़े। प्रभारी मंत्री और स्थानीय मंत्री राहत कार्यों की जानकारी दी। गृहमंत्री ने कहा, बांध टूटने जैसी अफवाह न फैले, अफवाह रोकने और लोगों को सतर्क करने का सिस्टम और दुरुस्त किया जाए। मंत्री यशोधरा राजे ने बिजली आपूर्ति बहाल करने पर जोर दिया। ज्यादातर स्थानों पर पानी कम हो गया है, बारिश रुकी हुई है, राहत कार्यों में तेजी आई है।

### `सागर, भोपाल, जबलपुर संभाग में भारी वर्षा के आसार

**भोपाल।** उत्तर-पश्चिम मध्यप्रदेश पर पिछले चार दिनों से सक्रिय कम दबाव का क्षेत्र वर्तमान में उत्तरी मप्र के मध्य में सक्रिय है। मानसून ट्रफ भी कम दबाव के क्षेत्र से होकर बंगाल की खाड़ी तक बना हुआ है। पहले कम दबाव के क्षेत्र के राजस्थान की तरफ बढ़ने की संभावना थी, लेकिन यह सिस्टम अब पूर्वी दिशा में मप्र में ही आगे बढ़ने लगा है। इस वजह से पूरे मध्यप्रदेश में अच्छी बरसात होने की उम्मीद है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक गुरुवार को सागर, भोपाल, उज्जैन, जबलपुर संभाग के जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश भी हो सकती है। गुना, अशोकनगर, शिवपुरी जिले में भी तेज बौछारें पड़ने की संभावना है।

### विवेक और नीलाकांता को एमपी सरकार देगी एक एक करोड़



विवेक सागर और नीलाकांता को मध्य प्रदेश सरकार देगी एक-एक करोड़ की राशि। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने ट्वीट के माध्यम से इसकी घोषणा की। दोनों ही खिलाड़?यों का मध्य प्रदेश से संबंध हैं। विवेक सागर इटारसी के रहने वाले हैं तो नीलाकांत ने मध्य प्रदेश में ट्रेनिंग ली है। जीत के बाद गांव में दीवाली सा माहौल बन गया। गांव के युवा, बच्चे, महिलाएं हाथ मे तिरंगा लेकर ढोल के साथ झूम उठे।

### आज दाहिया दिला सकते हैं गोल्ड



टोक्यो ओलंपिक्स में आज 13वां दिन है। भारत के लिए दिन की शुरुआत बहुत शानदार रही है। पुरुष हॉकी टीम ने कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। अब पहलवानों से उम्मीद है। आज शाम को रवि कुमार दहिया रिंग में उतरेंगे।जीते तो देश को पहला गोल्ड मेडल दिलावा देंगे। मुकाबला जावुर युगुऐव से होगा।

### भारत की जीत के हीरो, टूटती उम्मीदों के बीच बने सितारे

भारत की पुरुष हॉकी टीम ने टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। भारत ने जर्मनी को 5-4 से हराकर ओलंपिक में देश के पदक के सूखे को खत्म किया। इस हाईप्रोफाइल मैच में जर्मनी शुरू से ही फेवरेट थी। उन्होंने शुरुआत में ही गोल कर अपने इरादे भी साफ कर दिए। इसके बावजूद टीम इंडिया दबाव में नहीं आई और जर्मनी के हर वार का




करारा जवाब दिया। भारत की ओर से सिमरनजीत सिंह ने 17वें और 34वें मिनट में गोल किए। इसके अलावा रुपिंदर पाल सिंह ने 31वें, हरमनप्रीत सिंह ने 13वें और हार्दिक सिंह ने 27वें मिनट में गोल दागा। भारत की इस जीत में पूरी टीम का योगदान है, फिर भी हम बात करेंगे उन चार खिलाड़ियों के बारे में जिनकी बदौलत टीम ने इतिहास रच दिया...

## चिंता में देश आज फिर बढ़े कोरोना के नए मामले



**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के मामलों की संख्या में लगातार दूसरे दिन बढ़ोतरी हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार बीते 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 42,982 नए मामले सामने आए हैं और 41,726 संक्रमितों ने इस बीमारी को मात दी है। वहीं, 533 लोगों की जान चली गई। देश में सक्रिय मरीजों की संख्या 4,11,076 हो गई है, जिनका इलाज चल रहा है। आंकड़ों के मुताबिक, बुधवार को कोविड-19 के लिए 16,64,030 नमूनों की जांच की गई। इसके साथ ही अब तक इस संक्रमण का पता लगाने के लिए जांच किए गए नमूनों की संख्या 47,48,93,363 हो गई है। दैनिक संक्रमण दर 2.58 प्रतिशत और साप्ताहिक संक्रमण दर 2.37 प्रतिशत दर्ज की गई। इस बीमारी से उबरने वाले मरीजों की संख्या बढ़कर 3,09,74,748 हो गई है जबकि मृत्यु दर 1.34 प्रतिशत है। मंत्रालय ने बताया कि देशव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 48.93 करोड़ खुराक दी जा चुकी है।

## पेगासस मामला गंभीर-सुप्रीम कोर्ट

### याचिकाकर्ताओं से कहा- अपनी याचिका की प्रति केंद्र को सौंपे

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कथित पेगासस जासूसी मामले की स्वतंत्र जांच के अनुरोध वाली याचिकाओं पर सुनवाई शुरू करते हुए कहा कि अगर इसके बारे में रिपोर्टें सही हैं तो जासूसी के आरोप गंभीर हैं। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) एन वी रमण और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की पीठ ने शुरू में एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया और वरिष्ठ पत्रकार एन राम और शशि कुमार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल से कुछ सवाल पूछे।सीजेआई ने कहा, 'इस सब में जाने से पहले, हमारे कुछ प्रश्न हैं। इसमें कोई शक नहीं, अगर रिपोर्ट सही है तो आरोप गंभीर हैं।' उन्होंने यह कहते हुए देरी का मुद्दा उठाया कि मामला 2019 में सामने आया था। सीजेआई ने कहा कि जासूसी की रिपोर्ट 2019 में सामने आई थी। मुझे नहीं पता कि क्या अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए कोई प्रयास किए गए थे। उन्होंने कहा कि वह यह नहीं कहना चाहते थे कि यह एक बाधा थी। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह प्रत्येक मामले के तथ्यों में नहीं जा रही है और अगर कुछ लोगों का दावा है कि उनके फोन को इंटरसेप्ट किया गया था तो टेलीग्राफ अधिनियम है जिसके तहत शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। सिब्बल ने कहा, 'मैं समझ सकता हूं। हमारे पास कई सामग्री तक पहुंच नहीं है। याचिकाओं में फोन में सीधी घुसपैठ के 10 मामलों की जानकारी है।'सुनवाई के दौरान एन.राम और अन्य की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि यह स्पाइवेयर केवल सरकारी एजेंसियों को बेचा जाता है और निजी संस्थाओं को नहीं बेचा जा सकता है। एनएसओ प्रौद्योगिकी अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में शामिल है। सिब्बल ने कहा कि पेगासस एक खतरनाक तकनीक है जो हमारी जानकारी के बिना हमारे जीवन में प्रवेश करती है।

## श्रीनगर में जामिया मस्जिद के पास धमाका, हाई अलर्ट जारी

**श्रीनगर ,(ऐजेंसी)।**

श्रीनगर में जामिया मस्जिद के पास गुरुवार को एक धमाका हुआ है। इसमें किसी भी प्रकार के नुकसान की सूचना नहीं है। इस कायराना हमले को अंजाम देने वाले आतंकियों की तलाश में अभियान शुरू किया गया है। सूत्रों का कहना है कि यह कम तीव्रता वाला आईईडी ब्लास्ट था। जिसके बाद आतंकियों द्वारा ग्रेनेड फेंके जाने और फायरिंग करने की भी सूचना है। हालांकि इस हमले को लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इस घटना के कुछ घंटे पहले कश्मीर घाटी में आतंकियों ने सोपोर की मुख्य चौक पर कई राउंड फारयिंग की। इसके बाद आतंकी फरार हो गए। आज जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के आज दो साल पूरे हो गए हैं। सरकार ने जम्मू-कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों (जम्मू-कश्मीर और लद्दाख) में बांट दिया था

### त्योहारी सीजन में फिर से लॉकडाउन?

**नई दिल्ली।** कोरोना का संक्रमण अभी खत्म नहीं हुआ है, मामले में सिर्फ थोड़ी सी कमी आई है, अगर लापरवाही बरती जाए तो यह फिर से एक भयानक रूप ले सकती है। केन्द्र सरकार ने बुधवार को देश के कुछ राज्यों में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों को देखते हुए राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों से आगामी त्योहारों को देखते हुए फिर से प्रतिबंध लगाने पर विचार करने को कहा है। एक पत्र द्वारा लिखे बयान में केन्द्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने राज्यों से स्थानीय प्रतिबंधों को लागू करने और सामूहिक समारोहों को रोकने के लिए सक्रिय रूप से विचार करने का आग्रह किया है। देश के सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों और प्रशासकों को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से लिखे गए एक पत्र में कहा गया है, ''इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च और नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल ने त्योहारों के दौरान बड़े पैमाने पर होने वाले कार्यक्रम, भव्य आयोजन में परिवर्तिन न हो जाए इस पर चिंता व्यक्त की है।''

### बाढ़ के बावजूद गांव छोड़ने को तैयार नहीं ग्रामीण



**श्योपुर।** आज सुबह आवदा डेम टूटने की अफवाह फैलने से हंगामे की स्थिति निर्मित हो गई। क्षेत्र के लोगों ने सड़क पर उतरकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। प्रशासन लोगों को समझाने में जुटा हुआ है, लेकिन पहले से बारिश एवं बाढ़ का कहर झेल चुके लोग अब कुछ भी सुनने को तैयार नहीं है। उधर मुख्यमंत्री ग्वालियर के लिए रवाना हो चुके हैं। वह श्यापुर में बाढ़ ग्रस्त इलाकों का दौरा करने जाएंगे। हालांकि शिवपुरी-श्योपुर में बाढ़ से आंशिक राहत है, लेकिन अगले 24 घंटे में फिर इन इलाकों में भारी बारिश की आशंका जताई जा रही है।चंबल में कोटा बैराज से छोड़ा गया पानी अगले एक दो दिन में कहर बरपा सकता है। इसे देखते हुए जिला प्रशासन लगभग एक सैकड़ा गांवों से लोगों को बाढ़ से निकाल चुका है, लेकिन अभी भी दर्जनों गांव बाढ़ में फंसे हुए हैं। कई गांव के निवासी गांव छोड़ने को तैयार नहीं हैं।

### नक्सलियों ने ब्लास्ट कर उड़ाई एमपी के लोगों की बोलेरो, एक की मौत 5 गंभीर

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में नक्सलियों ने बारसूर- पल्ली मार्ग पर अमानवीय कृत्य को अंजाम दिया है। नक्सलियों ने आम नागरिकों से भरी एक बोलेरो को ब्लास्ट से उड़ा दिया। बोलेरो में 12 लोग सवार थे। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई है, जबकि चार लोग घायल हैं। घायलों में एक कि हालत गंभीर बताई गई है। इस घटना की सूचना मिलते ही दंतेवाड़ा एसपी डाक्टर अभिषेक पल्लव खुद मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू आपरेशन शुरू कराया। धनसिंह की मौत हुई है। 11 घायल हैं, जिनमें एक रूपलाल की स्थिति गंभीर है। बोलेरो सवार बालाघाट मध्य प्रदेश के हैं।

## भक्तों के लिए दिसंबर 2023 से खुल जाएगा राम मंदिर

**अयोध्या।** आज पूरा देश आयोध्या में बन रहे राम मंदिर से भलीभांति परिचित है। श्रध्दालुओं के लिए ये भव्य मंदिर दिसम्बर 2023 को खोल दिया जाएगा। इस दौरान भारत समेत देश ही नहीं बल्कि दुनिया से भी श्रद्धालु रामलला के दर्शन करने आ सकेंगे। लेकिन अगर इसके पूर्ण निर्माण की बात करें तो यह 2025 तक ही कंम्पलीट हो पाएगा। इसे लेकर मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों का कहना है कि रामलला 2023 तक गर्भगृह में विराजमान हो जाएंगे। रामलला के विराजते ही मंदिर श्रध्दालुओं के लिए खुल जाएगा। आयोध्या में बन रहे इस भव्य मंदिर पर काम एक साल पहले 5 अगस्त को शुरू हुआ था। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पवित्र अनुष्ठानों के साथ मंदिर निर्माण का शुभारंभ किया था। मंदिर निर्माण को लेकर किसी भी स्टील या ईंट का उपयोग नहीं किया जा रहा है,



जिसमें तीन मंजिल और पांच मंडप होंगे। सूत्रों ने बताया कि ''पिछले तीन दशकों में बदलाव और भक्तों की आकांक्षाओं को देखते हुए मंदिर के डिजाइन कों अंतिम रूप दिया गया''। चलिए एक नजर बन रहे मंदिर की जानकारी पर डालते हैं।आयोध्या राम मंदिर की लंबाई 360 फीट, चौड़ाई 235 फीट और हर मंजिल की ऊंचाई 20 फीट होगी।मंदिर के भूतल पर 160 स्तम्भ, पहली मंजिल पर 132 स्तम्भ और दूसरी मंजिल के तल पर 74 स्तम्भ स्थापित किए जाएंगे। मंदिर के गर्भगृह या शिखर की ऊंचाई भूतल से 161 फीट होगी।इस मंदिर का निर्माण राजस्थान के पत्थर और संगमरमर से किया जा रहा है। मंदिर के निर्माण में लगभग 4 लाख क्यूबिक फीट पत्थर का इस्तेमाल किया जा रहा है। यह योजना ''कुबेर टीला'' और ''सीता कूप'' जैसी विरासत संरचनाओं के संरक्षण और विकास पर केंद्रित है।मंदिर परिसर में एक तीर्थ सुविधा केंद्र, संग्रहालय, अभिलेखागार, अनुसंधान केंद्र, सभागार, एक मवेशी शेड, अनुष्ठान के लिए एक जगह, एक प्रशासनिक भवन और पुजारियों के लिए कमरे शामिल रहेंगे।

### ईडी ने भेजा फ्लिपकार्ट को नोटिस लग सकता जुर्माना

**नई दिल्ली।** देश की दिग्गज ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट और इसके संस्थापकों पर प्रवर्तन निदेशालय (श्वष्ठ) 1.35 अरब डॉलर यानी करीब 10,600 करोड़ रुपये का जुर्माना लगा सकता है। वॉलमार्ट के मालिकाना हक वाली कंपनी को विदेशी निवेश कानूनों के उल्लंघन के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। बिन्नी बंसल और सचिन बंसल पर विदेशी निवेश कानूनों के उल्लंघन का आरोप है। जांच जारी है।





# कोविड में मृत कर्मचारी के परिजन को घर बैठे मिला पीएफ, पेंशन का लाभ

**जबलपुर।** कोविड महामारी में मृत कर्मचारी के परिजन को ईपीएफओ द्वारा घर बैठे पीएफ पेंशन का लाभ दिया गया। सोशल मीडिया में मदद की अपील के बाद मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के जबलपुर और रायपुर पीएफ कार्यालय के आपसी समन्वय से पीड़ित परिवार को तत्परता से मदद मिल सकी। दरअसल सोशल मीडिया फेसबुक में कोविड मृतक कर्मचारी के पीएफ भुगतान सम्बन्धी एक पोस्ट पर पनागर निवासी सीमा कुशवाहा ने अपने भाई राजेश कुशवाहा की कोविड से मृत्यु होना बताते हुए मदद मांगी। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के भोपाल स्थित आँचलिक कार्यालय के पीएफकमिश्नर श्री अजय मेहरा ने इसे संज्ञान में लिया और उन्होने भोपाल कार्यालय के लेखाधिकारी शिवेन्द्र खम्परिया को मृतक के परिजनों से सम्पर्क कर आवश्यक कागजी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मृतक के परिजनों से सम्पर्क करने पर पता चला कि परिवार को मृतक के पीएफ नम्बर के अलावा कोई जानकारी नही है। मृतक का पीएफ रायपुर पीएफ आफिस के तहत बिलासपुर के ठेकेदार के पास कटता था। विभाग के अधिकारी ने परिजनों को ढॉडस बंधाते हुए क्लेम फार्म भरवाए और सभी कागजातों को जबलपुर कार्यालय के माध्यम से रायपुर कार्यालय भिजवाए गए। मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ भोपाल आँचलिक कार्यालय के पीएफ कमिश्नर अजय मेहरा ने जबलपुर कार्यालय के पीएफ कमिश्नर राकेश सेहरावत और रायपुर के पीएफकमिश्नर अभिषेक कुमार प्रकरण के शीघ्र निपटान के निर्देश दिए। सभी के समन्वित प्रयास से रायपुर कार्यालय से राजेश कुशवाहा की पत्नी को पीएफका रू0 45408 और बीमा लाभ को रू0 559688 का भुगतान और जबलपुर पीएफ आफिस से पेंशन के अधिकार पत्र सौंपे गए। मृतक की पत्नी संगीता कुशवाहा को रू0 2901 मासिक पेंशन और उसके दो बच्चों को रू0 725 पेंशन स्वीकृत की गई है। जबलपुर कार्यालय के प्रवर्तन अधिकारी व्ही. एस. मिश्रा और प्रवीण सिंह ने मृतक के परिजन को उनके पनागर स्थित निवास में जाकर पेंशन के अधिकार पत्र सौंपें। इस संबंध में मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के भोपाल आँचलिक कार्यालय के पीएफ कमिश्नर अजय मेहरा ने बताया कि हम आपका ऑफिस आपके द्वार की अवधारणा पर कार्य करते हैं। अंचल के सभी कार्यालयों में मृत कर्मचारियों के डेथ केस का निपटान पूरी संवेदनशीलता के साथ तत्परता से किया जाता है। कोविड महामारी के दौरान मृत कर्मचारियों के दावों के निपटान को भी प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है।

**सोशल मीडिया में मदद की अपील पर ईपीएफओ की तत्पर कार्यवाही**

# आईआरसीटीसी की भारत दर्शन पर्यटक ट्रेन 8 अक्टूबर से



## वैष्णोदेवी के साथ आगरा, मथुरा, हरिद्वार-ऋषिकेश, अमृतसर दर्शन करायेगी

**जबलपुर यश भारत।** इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आई.आर.सी.टी.सी.) ने भारत दर्शन विशेष पर्यटन ट्रेनों का संचालन पूरे देश में शुरू कर दिया है। इसी क्रम में मध्यप्रदेश के तीर्थ यात्रियों के लिए आईआरसीटीसी 08.10.2021 को रीवा शहर से भारत दर्शन विशेष पर्यटन ट्रेन वैष्णोदेवी के साथ उत्तर दर्शन यात्रा के लिए रवाना करेगा। यह ट्रेन मध्यप्रदेश के रीवा, सतना, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, इटारसी, होशंगाबाद, हबीबगंज, विदिशा, गंजबासोदा, बीना एवं झांसी स्टेशनों से होते हुए जाएगी, जहाँ से यात्री इस ट्रेन पर सवार हो सकेंगें। 08 रातें/09 दिनों की इस यात्रा में आगरा, मथुरा, हरिद्वार, ऋषिकेश, अमृतसर एवं वैष्णोदेवी के दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराया जायेगा। इसके लिए यात्रियों को महज रु 8,505/- प्रति व्यक्ति (स्लीपर श्रैणी) एवं 10,395/- प्रति व्यक्ति (३ष्ट श्रैणी) का खर्च उठाना होगा। इस ट्रेन में 12 स्लीपर एवं 01वातानुकूलित तृतीय श्रेणी होंगें। टिकट शुल्क में ही यात्रियों के चार लाख रूपये का दुर्घटना इंश्योरेंस भी शामिल रहेगा। इस धार्मिक यात्रा के लिए आईआरसीटीसी द्वारा गैर-वातानुकूलित सड़क परिवहन, दोपहर और रात का शाकाहारी भोजन सहित धर्मशाला/डोरमेट्री/हॉल में रात्रि विश्राम/स्नान की सुविधा, पर्यटन स्थलों का भ्रमण, यात्रा अनुरक्षक और निजी सुरक्षा व्यवस्था का पैकज शामिल किया है। यात्रियों को अपना निजी इस्तेमाल करने योग्य सामान एवं दवा आदि साथ ले जाना होगा। कोविड-19 को लेकर एहतियात के चलते भारत सरकार द्वारा उल्लेखित सभी सावधानियों का यात्रा के दौरान ध्यान रखा जायेगा। कोच, शौचालय से लेकर यात्रियों के सामनों तक को सैनिटाइज किया जाएगा। सैनिटाइजर, मास्क और फेसशील्ड भी श्रद्धालुओं को मुफ्त दिए जाएंगे। यात्रा के दौरान मास्क एवं आरोग्य सेतु ऐप अनिवार्य होगा। इस ट्रेन की बुकिंग प्रारम्भ हो चुकी है, इच्छुक पर्यटक इसकी बुकिंग आईआरसीटीसी की वेब साईट 222.द्बह्म्ष्ह्लष्शह्वह्म्द्बह्यद्व.ष्शद्व पर ऑनलाईन व अधिकृत ऐजेंट से भी करा सकते है। इस संबंध में अधिक जानकारी व बुकिंग के लिए आईआरसीटीसी के भोपाल, जबलपुर एवं इन्दौर कार्यालय में निम्नलिखित फोन नम्बरों पर संपर्क कर सकते हैं:-*

भोपाल - 0755-4285226, 8287931656, 8287931724, 9321901862

जबलपुर - 0761-4010702, 9321901832, 8287931656, 8287931724

## लायन भरत , उमेश एवं यशवंत को सर्वश्रेष्ठ मल्टीपल अवार्ड



जबलपुर। विगत दिवस अंतर्राष्ट्रीय क्लबस मल्टीपल 3233 की अवार्ड सेरेमनी अचीवर्स 20-21 राजस्थान विजयनगर में सम्पन्न हुई। लायन अविनाश शर्मा मल्टीपल कौंसिल चेयरपर्सन ने डि. गर्वनर एमजेएफ लायन जेपी अग्रवाल कोरबा की अनुशंसा में मल्टीपल के लगभग 830 क्लबों के 19750 सदस्यों में से संस्कारधानी के लायंस क्लब जबलपुर सेंट्रल के एमजेएफ लायन भरत अग्रहरी एसटी एवं लायंस क्लब जबलपुर के एमजेएफ लायन उमेश जैन एलसीआई एफ लायंस क्लब मार्बल राक्स के एमजेएफ लायन यशवंत सेंगर पीआरओ को इन सबके द्वारा पीड़ित मानवता की सेवा में किये गये । उल्लेखनीय उत्कृष्ट कार्यों के लिये सर्वश्रेष्ठ मल्टीपल अवार्ड से सम्मानित किया गया है। लायंस जगत में संस्कारधानी के नाम को रोशन करने वाले इन तीनों सक्रिय लायन सदस्यों की उपलब्धि पर डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के सभी सदस्यों ने बधाई प्रेषित की है।

**पं.हरिकृष्ण त्रिपाठी के जन्मदिवस पर**

# जिला स्तरीय पौधारोपण एवं गाजरघास उन्मूलन कार्यशाला



**जबलपुर।** रासेयो जिला जबलपुर एवं रासेयो इकाई श्रीजानकीरमण महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में प्रतिवर्षानुसार वरिष्ठ साहित्यकार,महान् शिक्षाविद्, श्रेष्ठ पत्रकार एवं श्रीजानकीरमण महाविद्यालय के संस्थापक श्रीयुत पं.हरिकृष्ण त्रिपाठी के जन्मदिवस परजिला स्तरीय पौधा रोपण एवं गाजरघास उन्मूलन कार्यशाला का आयोजन शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशो के परिप्रेक्ष्य मेंकिया गया ।कार्यक्रम के प्रथम चरण में मुख्य अतिथि शरद भाई पालन,अध्यक्ष शासी निकाय ने अपने उद्बोधन में कहा कि ''वृक्ष है तो कल है''। इसके साथ में उन्होंने पं हरिकृष्ण त्रिपाठी के व्यक्त्वि एवम कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यशाला के अध्यक्षता कर रहे श्रीजानकीरमण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अभिजात कृष्ण त्रिपाठी ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में बढ़ते हुए वैश्विक ऊष्मा प्रभाव को रोकने के लिए पौधा रोपण ही एक मात्र विकल्प बताया। साथ ही पं. हरिकृष्ण त्रिपाठी जी के शिक्षा के क्षेत्र में दिये गये योगदान को रेखांकित किया। कार्यक्रम संयोजक जिला संगठक रासेयो डॉ आंनद सिंह राणा ने पौधारोंपण के पौराणिक और वैज्ञानिक पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए पौधों के महत्व को रेखांकित कियातदुपरांत रासेयो कार्यक्रम अधिकारी अजय मिश्रा ने आभार निवेदित किया। द्वितीय चरण में महाविद्यालय परिसर में वृहद पौधा रोपण के अंतर्गत औषधीय पौधों के परिप्रेक्ष्य में नीम, पारस पीपल,बेल, आँवला,पीपल आदि के पौधों का रोपण किया गया तथा गाजरघास उन्मूलन कार्यकम चलाया गया ।इस अवसर पर गणमान्य अतिथियों में अभिमन्यु जैन ,यू एस दुबे, निरंजन द्विवेदी वत्स संदीप जैन,दविन्दर सिंह ग्रोवर, अनुपम पाण्डेय एवं महाविद्यालय परिवार से सर्व श्री डॉ. शक्ति सिंह मंडलोई,डॉ गंगाधर त्रिपाठी, डॉ.कौशल दुबे,डॉ अंजलि शुक्ला, चंद्रकुमार चौबे,हेमन्त सोंधिया, मुकेश श्रीवास्तव,मनोज चौरसिया,संजय पांडे, मीनाक्षी लोधी,दिव्या विश्वकर्मा,राखी बाजपेयी,राधा झारिया,गोपाल रैकवार,आनंद रैकवार एवं चयनित रासेयो स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



## 36 वर्षों से रहने वाले किराएदार ने मकान मालिक को सौंप दी मकान की चाबी

**जबलपुर।** हम सभी अक्सर देखा करते हैं कि जो किराएदार मकान में रहा करते हैं, तो वह किराएदार उस मकान का कब्जा कर लेते हैं और मकान मालिक जब तक न्यायालय नहीं जाता है जब तक उस मकान को खाली नहीं करते हैं।परंतु आज गुप्ता परिवार ने एक ऐसा कार्य किया जिससे संस्कारधानीवासी इसे अत्यंत सराहनीय कार्य बता रहे हैं। कमला नेहरू नगर व्यापारी संघ के अग्रिम कार्यकारिणी सदस्य विजय गुप्ता जी, जो कि मकान मालिक पटेल साहब के यहां विगत 36 वर्षों से रह रहे हैं साथ ही देखा जाए तो इन दोनों परिवार कि कई पीढ़ियां एक साथ रह चुकी है। बताया जा रहा है कि पटेल साहब जो कि मकान मालिक है उन्होंने किसी वजह को प्रस्तुत किया, तभी उसी समय अपने बड़े भाई के आज्ञानुसार विजय गुप्ता ने बिना कुछ लिए, बिना न्यायालय गए, बिना प्रकरण दर्ज किए पूर्ण सम्मान सहित मकान मालिक पटेल मकान की चाबी लौटा दी। व्यापारी संघ अध्यक्ष धनंजय वाजपेई ने बताया कि सम्पूर्ण संस्कारधानीवासियों को गर्व है इन मानवता की मूर्ति पर, जिन्होंने अपने निस्वार्थ भाव से बिना कुछ लिए मकान की चाबी पटेल साहब को वापस कर दी। इसी अवसर पर शहीद सम्मान समिति ने इसी संदर्भ में अत्यंत सराहनीय कार्य के साथ विजय गुप्ता का आभार व्यक्त किया , संपूर्ण हिंदू श्रंखला चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्य वहां मौके पर पहुंचे और मकान मालिक व किराएदार को पुष्पमाल पहनाकर, मिष्ठान आदि खिलाकर मित्रता उत्सव मनाया। इस मौके पर व्यापारी संघ अध्यक्ष धनंजय वाजपेई,शहीद सम्मान समिति अध्यक्ष पं अमित खम्परिया, चैरिटेबल ट्रस्ट अध्यक्ष शशांक, विजय गुप्ता, यदुवंश मिश्रा, अरुण मिश्रा, बबलू पंडा, काशी प्रसाद तिवारी, सुधाकर मिश्रा, सौरभ पंडा, ईशांत पारधे, राघवेंद्र तिवारी, चंद्रशेखर शर्मा, विकास गुप्ता आदि उपस्थित थे।

**व्यापारी संघ ने दिया मित्रता का अद्भुत संदेश**

## दलवीर सिंघ जस्सल ग्रामीण जिला प्रभारी



जबलपुर। कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी के निर्देश अनुसार , प्रदेश अध्यक्ष मुजीब कुरेशी द्वारा दलवीर सिंघ जस्सल ( प्रदेश महामंत्री,अल्पसंख्यक विभाग) को विभाग की तरफ से जबलपुर जिले का ग्रामीण प्रभारी बनाया गया है।

## पक्षियों एवं बन्दरों के लिए फलदार वृक्ष लगाये गये



**जबलपुर।** दादा विरेंद्रपुरी जी नेत्र संस्थान ( देवजी नेत्रालय) के समीप नर्मदा तट पर फलदार वृक्षों का रोपण देवजी नेत्रालय के छ्वह्य एवं स्टाफ़ के द्वारा किया गया, डॉ पवन स्थापक ने बताया कि इसमें आम, जामुन,छिताफल,केला,बिही के वृक्ष लगाये गये जो पक्षियों एवं बन्दरों का बिना रोकटोक भोजन बने । इस अवसर पर डॉ अर्पिता स्थापक दुबे, श्रीमती अनुपमा,डॉ आयुष ,डॉ रितेश,डॉ प्रियंका,डॉ अखिलेश कुमार,डॉ विजयश्री,डॉ प्रवीण,डॉ स्नेहिल,अरविंद दुबे , रामसेवक, समर्थ,उपस्थित थे।

## अन्न उत्सव 7अगस्त को

**जबलपुर।** प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के हितग्राहियों को खाद्यान्न के निःशुल्क वितरण के लिए सात अगस्त को जिले में आयोजित किये जा रहे अन्न उत्सव की तैयारियों की बुधवार को सेक्टर अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों की आयोजित बैठक में कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने समीक्षा की। श्री शर्मा ने बैठक में निःशुल्क उन्न वितरण बैठक कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए तैनात किये गये सेक्टर अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों को अपने-अपने क्षेत्र में उचित मूल्य दुकानों का लगातार भ्रमण कर समय रहते सभी जरूरी व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने इन अधिकारियों को उचित मूल्य दुकानों पर खाद्यान्न की उपलब्धता, दुकानों की रंगाई-पुताई, साफ-सफाई एवं योजना की जानकारी से संबंधित बैनर-पोस्टर लगाये जाने के कार्य पर भी नजर रखने कहा है।

# मां की निश्चल समझाईश बच्चे के लिए गुरु ज्ञान के बराबर

## दयोदय तीर्थ में आचार्य श्री के प्रवचन



**जबलपुर ।**संत शिरोमणि आचार्य गुरुवर विद्यासागर महाराज दयोदय तीर्थ में कहा कि मां अपने बच्चों को समझती है , जानती है अपनी सीख बच्चों तक पहुंचाती है नन्हे बच्चों को भी अच्छाई के साथ बुराई से सजग करती रहती है , माँ ख्याल रखती है कि दीपक की रोशनी से अंधकार दूर हो और उससे निकलने वाला धुआं उसे नुकसान ना करें बल्कि वातावरण को शुद्ध रखें यह सब बातें मां बच्चे के श्रेष्ठ विकास के लिए करती है समय समय पर भोजन और मीठा भी खिलाती है ताकि असमय बच्चा कुछ खाये नहीं परंतु बच्चे भी नटखट होते हैं , बच्चे ने कुछ खा लिया और वह मां ने देख लिया उसी समय बच्चे ने भी मां को देख लिया दोनों ने एक दूसरे को देखा पर बच्चा डर से मुंह बंद कर लिया माँ ने आंखें दिखाई और इशारे से निर्देशित किया बच्चे ने उसे थूक दिया, पता चला मिट्टी खाई थी। यह मां की निश्चल समझाइए बच्चे के लिए गुरु ज्ञान के बराबर थी इसके बाद बच्चे ने जीवन भर मिट्टी का त्याग कर दिया और आप सम्यक दर्शन सम्यक ज्ञान सम्यक चरित्र का ध्यान रखते हुए भी गलतियां बार-बार करते रहते हैं , बच्चा एक बार में समझ जाता है लेकिन हम जानकर हो कर भी नहीं समझते या समझना नही चाहते , हम प्रदूषण फैलाते रहते हैं शरीर मे मन मे वातावरण में , आपकी निगाह उसमें नहीं जाती आप उस स्तर में काम कर रहे हैं जहां संशोधन गौण हो जाते हैं और यही परेशानी का कारण होते हैं ।आचार्य श्री ने बच्चों से कहा कि परीक्षा अवश्य होनी चाहिए लेकिन परीक्षा बोझ और तनाव का कारण नहीं होना चाहिए । दीपक हमें सिखाता है कि रात के अंधेरे को छोटा दीपक भी नष्ट कर देता है यह इस बात पर निर्भर करता है कि दीपक में कितना विश्वास है, बच्चे अपने शिक्षण काल को संशोधित करते चले, दूषित ना करें ज्ञान के साथ आरोग्य का भी ध्यान रखें और दूषित पदार्थों का सेवन शरीर पर प्रभाव डालता है, जो बचपन से ही मन मस्तिष्क को प्रभावित करता है।

**वंदे मातरम कथक उत्सव**

## जबलपुर की बिटिया आश्विनी सोनी परफार्म करेगी



**जबलपुर।** संस्कारधानी की भूमि ने एक से बढ़कर एक हस्तियों को जन्म दिया है जिन्होंने संस्कारधानी का नाम ऊंचा किया जिन पर हमें गर्व है इसी गाथाओं को बढ़ाते हुए संस्कारधानी में जन्मी बिटिया आश्विनी सोनी जो आने वाले 11 अगस्त दिन बुधवार को दोपहर 3 बजे संस्कृति मंत्रालय और कथक केंद्र नई दिल्ली द्वारा आयोजित वंदे मातरम कथक उत्सव में एकल कथक नृत्य की प्रस्तुति देवेगें जो पूरे भारतवर्ष में दिखाया जावेगाजैसा विदित कि जबलपुर एवं प्रदेश की एक युवा और प्रतिभाशाली कथक नर्तकी अश्विनी सोनी ने शुरुआती कथक नृत्य शिक्षा गुरु पंडित मोती शिवहरे जी से नवरंग कथक कला केंद्र, जबलपुर में 17 वर्षों तक प्राप्त की। एवं कथक में विशारद तथा कला रत्न किया। तत्पश्चात् उन्होंने कथक केंद्र नई दिल्ली, में पंडित बिरजू महाराज जी की वरिष्ठ शिष्या गुरु मालती श्याम जी के सनिध्य में कथक नृत्य में पोस्ट डिप्लोमा किया। संगीत नाटक एकेडमी, संस्कृति मंत्रालय दिल्ली सरकार, और कथक केंद्र नई दिल्ली द्वारा आयोजित वंदे मातरम कथक उत्सव में हमारे शहर की कलाकार अश्विनी को एकल कथक नृत्य की प्रस्तुति का अवसर प्राप्त हुआ है।

**महाप्रबंधक द्वारा जबलपुर कटनी रेल खंड विंडो निरीक्षण**

# जबलपुर यार्ड के विस्तार के लिए पुल नंबर 1 का चौड़ीकरण के निर्देश



**जबलपुर यश भारत।** पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक शैलेन्द्र कुमार सिंह ने मुख्यालय के प्रमुख विभागाध्यक्षों के साथ गत दिवस जबलपुर-कटनी रेल खण्ड का विंडो (खिड़की) निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने इस रेलखंड पर स्थित स्टेशनों, रेल पुलों, रेल पथ, ट्रैक रिन्युअल का कार्य, ओएचई एवं सिग्नल प्रणाली का सघन निरीक्षण किया.विंडो निरीक्षण के शुरुआत में जबलपुर यार्ड के विस्तार के बारे में पुल क्रमांक 01 को चौड़ीकरण करने की विस्तृत चर्चा हुई और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये. तत्पश्चात मुख्य प्रशानिक अधिकारी (निर्माण), मण्डल रेल प्रबंधक जबलपुर, मुख्य विघुत लोको अभियंता, मुख्य रॉलिंग स्टॉक अभियंता एवं इरकॉन के अधिकारियों तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कटनी मुड़वारा के पास मिशन चौक के आरओबी के कार्य की समीक्षा की तथा उसके निर्माण के संबंध ब्लॉक के कार्य को इसी महीने में जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिये. इसके साथ ही कटनी मुड़वारा में बन रहे न्यू टिकट चल निरीक्षक रेस्ट हाउस के कार्य को भी देखा एवं इसी महीने के अंत तक पूर्ण करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये.

इसके पश्चात महाप्रबंधक द्वारा मण्डल रेल प्रबंधक जबलपुर एवं अधिकारियों के साथ आरओएच शेड न्यू कटनी जंक्शन में निरीक्षण के दौरान आरओएच शेड में ईओटी क्रेन का उद्घाटन किया एवं वैगनों के रखरखाव के कार्य को देखा और साथ ही वैगन की सीबीसी कपलिंग के टेस्टिंग फेसिलिटी को भी देखा एवं डिस्ट्रीब्यूटर वॉल्व ब्रेकिंग सिस्टम की टेस्टिंग प्रणाली का भी निरीक्षण किया तथा अधिकारियों से सम्पूर्ण वैगनों के रखरखाव के कार्य की विस्तृत चर्चा की एवं कार्य की सराहना की गई. इसके साथ ही महाप्रबंधक द्वारा आरओएच शेड को 60 हजार रुपये का समूह पुरस्कार दिया गया.निरीक्षण के दौरान सेन्ट्रल व्हील फैसिलिटी सेंटर के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया जो कि केंद्रीय कारखाना आधुनिकीकरण संगठन के सामंजस्य से बनाया जा रहा है. गौरतलब है कि पमरे में रेल पहिया रखरखाव का कार्य कोटा मण्डल के वर्कशॉप कोटा में होता है. इस सेंट्रल व्हील फैसिलिटी के बनने से जबलपुर एवं भोपाल के संबंधित व्हील चैंजिंग और अनुरक्षण का कार्य यहां किया जा सकेगा.व्हील रखरखाव के कार्य यहाँ शुरू हो जाने से समय एवं ट्रांसपोर्ट कीमत में बचत होगी।

### *लोको शेड का किया उद्घाटन*

इसके पश्चात महाप्रबंधक ने डीजल लोको शेड न्यू कटनी जंक्शन में इंसिनरेटर और एसएमजीआर टेस्ट बेन्च का भी उद्धघाटन किया. इंसीनरेटर में शेड का वेस्ट केमिकल के नष्टीकरण के लिए इस्तेमाल किया जाता है. जो कि पर्यावरण अनुकूल के लिए होगा. एसएमजीआर टेस्ट बेन्च में इलेक्ट्रिक लोको के नोचेस की जांच की जाती है. इसके साथ डीजल लोको शेड की कार्य की गुणवत्ता एवं व्यवस्था कार्यप्रणाली के बारे में भी गहन चर्चा की. तत्पश्चात महाप्रबंधक ने इरकॉन द्वारा किये जा रहे ग्रेट सेपरेटर कार्य का भी निरीक्षण किया एवं कटनी क्षेत्र में बन रहे रनिंग रूम निर्माण की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की एवं अगस्त 2021 तक इस कार्य को पूर्ण करने के दिशा-निर्देश दिये।

Pure & Tasty AK's Special Jabalpur
मो. 9827681910
गर्मी के मौसम में स्पेशल सत्तू चने का उपलब्ध है। अब हमारे नये शोरूम गोरखपुर में
अशोक कुमार अजित कुमार
गुलाबी चना · मुरमुरा · बोल्ड चना · केला चिप्स · बोल्ड पीनट · मसाला चना · ड्राय मेल · चना जौर गर्म
प्रियदर्शनी एवं सेवा केन्द्र मढ़ाताल में उपलब्ध
होम डिलेवरी के लिए अनुभवी लड़कों की जरूरत है

SONY Panasonic INTEX Kurl-on Haier Godrej SAMSUNG USHA PHILIPS & All Product
शादियों के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध
आसान किश्तों पर आसान शर्तों पर
बेटी की शादी का पूरा फर्नीचर सागौन द्वारा निर्मित
मिश्रा फर्नीचर्स एण्ड इन्टरप्राइजेज
सरकारी कुंआ, शीतलामाई रोड, जबलपुर फोन नं. 2626496 मो. 9827235010
फर्नीचर्स वारंटी पर उपलब्ध




## भारतीय हॉकी और भारतीय खेलों के लिए एक सुनहरा क्षण!

# मील का पत्थर साबित होने वाली है यह विजय

जबलपुर,यशभारत। टोक्यो ओलंपिक में भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। 41 साल के इस इंतजार को भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने हकीकत में बदल कर आज पूरे देश को सम्मान दिलाया है। भारतीय टीम ने जर्मनी को 5-4 से हराकर 41 साल बाद भारत को पदक दिलाया है। हॉकी के गौरवशाली इतिहास को नए सिरे से दोहराने के लिए मील का पत्थर साबित होने वाली इस जीत ने पूरे देश को भावुक कर दिया। इसके साथ ही भारत का चार दशक का इंतजार भी खत्म हो गया। भारत ने हॉकी में चार दशक बाद कोई मेडल जीता है। हर तरफ उत्साह और उत्सव का माहौल है। शहर प्रदेश और देशवासियों की ओर से खिलाड़ियों को बधाइयां दी जा रही हैं। अर्जुनअवार्डी सुश्री मधु यादव ने कहा कि भारतीय टीम द्वारा देश वासियों के लिए ये गौरवान्वित पल लेकर आना वाकई में तारीफे काबिल हैं। टीम ने जीतने के लिए अपना असाधारण कौशल और दृढ़ संकल्प दिखाया। यह ऐतिहासिक जीत हॉकी में एक नए युग की शुरूआत करेगी और युवाओं को खेल में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सुरेश मेहता ,शिवदास वर्मा , वदंना यादव अविनाश सिद्धू ने कहा कि इस उपलब्धि के साथ,हॉकी टीम ने पूरे देश, खासकर हमारे युवाओं की कल्पना पर राज कर लिया है। हमें हॉकी टीम पर गर्व है।'' भारतीय पुरूष हॉकी टीम को आज पूरा देश सलाम कर रहा है। अरुण यादव उर्फ लडडू ,, सुनील यादव ने कहा कि आज आप सब टीवी के सामने आंखों में आंसू लिए नाचे होंगे और यह अवसर हमें प्रदान किया है भारतीय हॉकी टीम के जांबाज खिलाड़ियों ने। उन्होंने हमें हॉकी से बाहर करने के लिए नियम बदले मैदान बदला सब कुछ बदल दिया किंतु हमारे इन खिलाड़ियों ने कांस्य पदक जीतकर देश में हॉकी को पुनर्स्थापित कर दिया आशा है यह जीत हमें स्वर्ण पदक की तरफ ले जाएगी मप्र ओलंपिक एसो. के मानसेवी सचिव दिग्विजय सिंह ने कहा कि ये ऐतिहासिक जीत पाई जो हॉकी में एक नए युग की शुरुआत करेगी और युवाओं को खेल में आगे बढ़ने और उत्कृष्टता के लिए प्रेरित करेगा।

ओलंपिक इतिहास में भारतीय पुरूष हॉकी टीम का यह तीसरा कांस्य पदक है। इससे पहले उसने 1968 और 1972 में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। भारत इससे पहले आठ स्वर्ण और एक रजत पदक जीत चुका है। भारत ने आखिरी बार हॉकी में ओलंपिक मेडल 1980 में जीता था, 41 साल बाद हॉकी में ओलंपिक मेडल जीतकर मनप्रीत एंड कंपनी ने इतिहास रच डाला है। भारत ने जर्मनी को 5-3 से हराकर ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा किया। हॉकी में भारत का यह 12वां ओलंपिक मेडल है। पहले क्वार्टर में 0-1 से पिछड़ने के बाद भारतीय टीम ने जोरदार वापसी की। सेमीफाइनल मैच में भारतीय टीम ने बेल्जियम के खिलाफ की गई गलितियों से सबक लेते हुए इस मैच में बेहतर प्रदर्शन किया। भारत की ओर से सिमरनजीत सिंह ने दो, जबकि हरमनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह और रुपिंदर पाल सिंह ने एक-एक गोल किए। सेमीफाइनल में बेल्जियम से हारने के बाद भारतीय टीम का ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतने का सपना भले ही टूट गया लेकिन मनप्रीत सिंह की टीम ने हौंसल और जुनून में कोई नहीं आने दी। उन्होंने इस ब्रॉन्ज मेडल मैच को जीतने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी। इस बेहद कांटेदार मुकाबले में दोनों टीमों ने 60 मिनट तक अटैकिंग गेम जारी रखा और फिर वो पल भी आ गया जब मास्को में भारतीस परचम लहराया और पूरा देश झूम उठा।



## अंतरराष्ट्रीय मित्रता दिवस का आयोजन

# मित्रता हो तो कृष्ण- सुदामा के जैसे-डीईओ श्री सोनी

**जबलपुर, यशभारत।** राज्य आनन्द संस्थान अध्यात्म विभाग,स्कूल शिक्षा विभाग,एवं जे0टी0पी0सी0 के समन्वय से 30 जुलाई से 2 अगस्त तक अंतरराष्ट्रीय मित्रता दिवस का आयोजन किया गया जिसमें ऑनलाइन ड्राइंग 38,स्लोगन 58,कविता 46 एवं 42 प्रतिभागियों ने गूगल मीट के माध्यम से मित्र संवाद कर प्रस्तुति दी गयी, जिसके उत्साहवर्धन हेतु जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी,जेटीपीसी हेमंत सिंह एवं मॉडल स्कूल प्राचार्य उमा गुप्ता के द्वारा प्रतिभागियों को कोविड-19 के नियमों का पालन करते हुए, सर्टिफिकेट वितरण कर किया गया। मास्टर ट्रेनर सुश्री सीमा मिश्रा के द्वारा सरस्वती वंदना गाई गई एवं पूजन उपरांत घनश्याम सोनी ने कहा कि मित्रता ऐसी होनी चाहिए जैसे कृष्ण सुदामा की,कोरोना महामारी में आज शैक्षिक योग्यता को ब?ाने के लिए बच्चों का सांस्कृतिक स्तर पर भी विकास होना जरूरी है,जीवन मे सामाजिक सदभाव हेतु मित्र होना अनिवार्य है। हेमंत सिंह ने कहा कि मित्र जीवन भर बिना किसी शर्त और चाहत के सहयोग करता है, मित्र हर कठिन समय और खुशियो मे हमारा सबसे बडा हितैषी होता है, जीवन के हर पडाव पर मित्र सहयोग करता है।

कार्यक्रम की समन्वयक दीप्ति ठाकुर ने बताया कि मित्रता दिवस का उद्देश्य सभी में सहयोग की भावना एवं शांति की भावना प्रेरित करने का प्रयास करना है, मित्रता माता-पिता,गुरुजन किताबों मित्र पशु-पक्षी,प्रकृति किसी से भी निभाई जा सकती है और जिससे हम एक सकारात्मक वातावरण का निर्माण कर सके।मॉडल स्कूल की प्राचार्य श्रीमती उपमा गुप्ता ने कहा कि मित्रता को उच्च शिखर पर पहुँचाने के लिए आपसी सहभागिता आवश्यक है, सबसे उत्कृष्ट उदाहरण श्री कृष्ण और सुदामा की मित्रता की मिसाल है।आनंदम से जु?कर सभी आपस मे समाज मे खुशिया और सहयोग बांट कर आनंदित हो यही है अध्यात्म विभाग सार।इस अवसर पर आनंदम सहयोगी श्रीमती अंजना राणा,प्रतिभा दुबे,वंदना वर्मा,अर्चना शर्मा,प्रतिभा दुबे ने निर्णायक की भूमिका निभाई व रेणु मिश्रा,झील सिंह,कृति दुबे,हर्ष सिंह, अनुराग, आयुषी, आरोही,सिमरन,विद्वेष भापकर आदि उपस्थित रहे।

# राकेश दुबे दूसरी बार सचिव मनोनीत

## जीआईएफ में वर्क्स कमेटी का गठन संपन्न

जबलपुर यशभारत. जीआईएफ में विगत दिनों हुए दो साल के लिए कार्यसमिति चुनाव में मजदूर यूनियन ने कार्य समिति चुनाव में 9 में से 8 सीट हासिल कर बहुमत हासिल किया।इसके साथ ही कैंटीन समिति में दोनों सीट पर जीत दर्ज कर जी आई एफ में लगातार चौथी बार वर्क्स कमेटी में इतिहास रचा।इस चुनाव के बाद बुधवार को नई कार्य समिति का गठन किया गया है जिसमे राकेश दुबे को सर्व सम्मति से कार्यसमिति सचिव बनाया गया. वही मनोज साहू को उपाध्यक्ष,के साथ भूपेन्द्र विश्वकर्मा एवं अरुणोदय उरमलिया को जेसीएम सदस्य एवं दमन मुरमू को अस्पताल समिति,राजेन्द्र कुर्मी को स्पोर्टस कमेटी रिफैत रिजवी एवं जितेंद्र नायक को इस्टेट कमेटी में, शामिल किया गया है वही कैंटीन समिति में अश्विन कुमार एवं राहुल र?के को प्रभार सौंपा गया ।



उल्लेखनीय है कि हाल में सम्पन्न हुए कार्यसमिति चुनाव में मजदूर यूनियन के राकेश दुबे ने सर्वाधिक मत हासिल किये हैं। उनके पिछले कार्यकाल को देखते हुए उन्हें दोबारा कार्यसमिति सचिव बनाया गया है । अब जीआईएफ में कार्य समिति,कैंटीन कमेटी के साथ सोसायटी भी मजदूर यूनियन के कब्जे में है । राकेश दुबे को सचिव पद का दायित्व सौंपने पर उन्होंने कहा कि जनता ने जो विश्वास दिया है उसे कायम रखने के लिए कर्मचारी हित में संघर्ष जारी रहेगा।इस मौके पर मजदूर यूनियन के अध्यक्ष रविरंजन पांडेय महामंत्री मनोज साहू जेसीएम- 3 मेम्बर श्रीराम मीना,संतोष चौधरी,नितिन कनौजिया, गुलाम रसूल ,प्रेमशंकर, महेंद्र साहू,देवदत्त प्रधान ईश्वर दास, सहित अन्य पदाधिकारियों ने हर्ष प्रकट किया है।



# 9 वीं और दसवीं के सरकारी स्कूल खुले

जबलपुर,यशभारत। गुरुवार से नौवीं और दसवीं के सरकारी स्कूल भी 50 फीसदी उपस्थिति के साथ खुल गए हैं। आज नगर के प्रमुख स्कूलों में अपेक्षाकृत कम उपस्थिति रही। आज कई स्कूलों में दसवीं कक्षा के विद्यार्थी पहुंचे। जबकि शासन द्वारा जारी किए गए आदेश के तहत 10वीं के लिए बुधवार और 9वीं के लिए शनिवार का दिन तय किया गया है। आज से 12वीं कक्षा की कोचिंग क्लासेस भी शुरू हो गई हैं। इस बारे में शासन द्वारा पिछले महीने ही आदेश जारी कर दिए गए थे। इसी के तहत 26 जुलाई से 11वीं और 12वीं की कक्षाएं लगाई जा रही हैं। नौवीं और दसवीं की कक्षाएं सप्ताह में 1 दिन लगेंगी। पहले से 12वीं की कक्षाएं सोमवार और गुरुवार को एवं 11वीं की कक्षा मंगलवार और शुक्रवार को लगाई जा रही हैं। एमएलबी स्कूल नौवीं और दसवीं की क्लासेस के लिए स्कूलों में सभी तैयारियां पूरी हैं। यहां की प्राचार्य श्रीमती प्रभा मिश्रा ने बताया कि उनके यहां नवमीं में 185 व दसवीं में 199 छात्राएं हैं। आज करीब 50 बच्चियां आई हैं।स्कूलों में तैराकी, प्रार्थना सभा समेत खेलकूद की गतिविधियां संचालित नहीं की जा सकेंगी। कोरोना गाइडलाइन का पालन करना अनिवार्य है।

# टूरिस्ट वाहन चालक का शव लक्ष्मी नारायण घाट में मिला

**जबलपुर,यशभारत।** तिलवारा के नए पुल से कूंदे टूरिस्ट वाहन चालक का शव आज सुबह करीब एक-डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर लक्ष्मी नारायण घाट के पास मिला। सर्चिंग कर रहे गोताखोरों को जैसे ही उफनाती नदी के किनारे युवक का सिर दिखा, वैसे ही वहां मौजूद होमगार्ड दल और परिजनों की सहायता से शव को निकाला गया, जो वहां स्थित टंकी के पास उल्टा पड़ा था। जैसे ही परिजनों ने शव की शिनाख्त की, उनकी चीखें निकल गयीं। जिसके बाद गमगीन माहौल में मची अफरा-तफरी के बीच, परिजनों को तिलवारा पुलिस और होमगार्ड ने सम्हाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है। जानकारी अनुसार आकाश रैकवार उम्र 26 वर्ष निवासी बडी खेरमाई हनुमानताल ने सूचना दी थी कि मो. इस्लाम उम्र 33 वर्ष निवासी लेमा गार्डन गाजी नगर थाना गोहलपुर के साथ मोटर सायकिल में बैठकर रात के करीब 12 बजे तिलवारा पुल पर पहुंचा, मोटर सायकिल इस्लाम चला रहा था, जिसने मोटर सायकिल पुल पर खड़ी की और मोबाईल पर बात करते हुये अचानक नर्मदा नदी के पुल पर से नीचे कूदने लगा, उसने पकडऩे की कोशिश की तो मोह इस्लाम ने उसे धक्का दे दिया और पुल से नर्मदा नदी में कूंद गया। पुलिस ने सूचना पर गुमइंसान कायम कर गोताखोंरो की सहायता से तलाशी करवाई की जा रही थी। जिसके चलते आज सुबह करीब 9 बजे गोताखोरों के साथ सर्चिंग में जुटे होमगार्ड सिपाही और परिजनों को युवक का उल्टी हालत में शव का सिर दिखा। जिसके बाद शव को रेस्क्यू कर, कार्रवाई की गई। मोह. मतलूब, मृतक के बड़े भाई ने जानकारी देते हुए बताया कि मोह. इस्लाम पेशे से टूरिस्ट वाहन चालक था और आराम से दो वक्त की रोटी कमाता था।

## ईपीएफ कर्मी पत्नी सुसाइड मामला

# मरने के पहले पत्नी की यही गुहार, छोड़कर न जाना कभी

## पति इलाज के लिए ले गया था मनोचिकित्सक के पास, पुलिस जांच जारी

**जबलपुर।** ईपीएफ कर्मी पत्नी सुसाइड मामले में पुलिस की प्रारंभिक जांच पड़ताल में यह तथ्य सामने आया है कि मृतिका की मनोदशा ठीक नहीं थी। जिसका इलाज पति द्वारा एक मनाचिकित्सक डॉक्टर से कराया जा रहा था। पुलिस जांच में यह बात सामने आई है कि मृतिका ने बिल्डिंग से कूंदने के पहले अपने पति से यह गुहार लगाई थी कि वह उसे छोड़कर कभी न जाए। यह बात पत्नी पहली बार नहीं बल्कि अनेक बार अपनी पति से कर चुकी थी। पति को भी यह कभी अहसास नहीं हुआ कि पत्नी इस शक पर इतना बड़ा आत्मघाती कदम उठाकर, अपनी जान दे देगी। हालांकि विजय नगर पुलिस सुसाइड मामले की सभी बिन्दुओं पर जांच कर रही है। आत्महत्या का प्रमुख कारण क्या था, यह जानकारी जुटाने में पुलिस लगी हुई है। मालूम हो कि कचनार सिटी के पास शिव दर्शन अपार्टमेंट में विजय शर्मा पत्नी रूपम शर्मा (40) और 11 वर्षीय बेटे के साथ रहते हैं। विजय शर्मा पीएम विभाग में कायज़रत हैं। बुधवार 4 अगस्त की शाम को वे कार्यालय में थे और पत्नी व बेटा घर पर थे। शाम 6 व 7 बजे के बाद उनके मोबाइल पर फोन पहुंचा कि उनकी पत्नी अपार्टमेंट की चौथी मंजिल से गिर गई हैं।

पति-पत्नी में नहीं थी अनबन - विजय नगर टीआई सोमा मलिक के मुताबिक प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि पति और पत्नी के बीच कोई अनबन नहीं थी। मृतिका तनाव ग्रस्त थी। जिसका इलाज जारी था। कल घटना के पहले ही पति उसे दवा देकर गया था। मामले की जाचं जारी है।

# राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त का स्मरण किया

**जबलपुर।** श्री गहोई वैश्य समाज पंचायत द्वारा राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त जयंती मनाई गई जबलपुर। पद्म भूषण डॉक्टर मैथिलीशरण गुप्त की 135 वी जयंती मानस भवन के समीप प्रतिमा स्थल पर श्री गहोई वैश्य समाज पंचायत द्वारा मनाई गई। इस अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए सामाजिक बंधु एवं मातृशक्ति ने पुष्पांजलि अर्पित की । श्री गुप्त की कविताओं का पाठ किया गया और वक्ताओं ने उन्हें समाज में जागृति लाने एवं अलख जगाने वाला राष्ट्रकवि बताया ।महात्मा गांधी ने श्री गुप्त की कविताओं से राष्ट्रभक्ति की झलक मिलने की वजह से उन्हें राष्ट्रकवि की उपाधि प्रदान की इस अवसर पर अध्यक्ष रवि कांत रावत, कमलेश रावत, प्रभात कठल ,अरुण खर्द, अशोक पिपरसानिया, श्याम बिहारी चौदहा ,विजय सुहाने ,इंजीनियर रामगोपाल ददरया, अजय रावत, डॉक्टर गोविंद बरसैया, राकेश सिजारिया आदि उपस्थित थे ।



# रविकांत ,राजेश सी एम डी, अतुल एम डी बने 7 आयुध निगमों में शहर की 3 फैक्ट्रियों के जीएम

जबलपुर यशभारत।सरकार ने अपनी पालसी के तहत आयुध निर्माणी बोर्ड को 7 निगमों मे मंगलवार को तय और तब्दील कर कल बुधवार को निदेशक मंडलों मे नियुक्तियां भी कर दी।जिसमें शहर की तीन आयुध निर्माणियों के महाप्रबंधकों को इसमें नियुक्ति मिली है।जिसमें खमरिया आयुध निर्माणी के महाप्रबंधक रविकांत एम्युनिशन एंड एक्सप्लोसिव के मुख्य प्रबंध निदेशक (सी एम डी )बनाए गए हैं।इनका मुख्यालय पुणे होगा।जबकि जी सी एफ के महाप्रबंधक राजेश चौधरी को सी एम डी वेपन एंड इक्यूपमेंट बनाया गया है ।इनका मुख्यालय कानपुर होगा।इसके साथ ही व्हीकल फैक्ट्री के जी एम अतुल गुप्ता को ट्रुप कम्फर्ट

## आयुध निगमों का गठन

आयटम निगम में डायरेक्टर आपरेशन के रूप में जगह मिली है।

उल्लेखनीय है कि यशभारत शुरू से ही इस बात की जानकारी पाठकों तक देता रहा कि आयुध निर्माणी बोर्ड को सात निगमों मे बांटा जायेगा।इसके साथ ही निगमों मे सी एम डी और एम डी की नियुक्तियां और साक्षात्कार की जानकारी दी थी।पहले डायरेक्टर बनने के लिए तीन साल की सेवा अवधि बकाया होने की शर्त के कारण जी सी एम के जी एम राजेश चौधरी दौ? में पहले नंबर पर थे।चूंकि खमरिया महाप्रबंधक रविकांत जो निगमों का निर्धारण करने वाली एजेंसी को सलाह देने वाली सरकारी टीम के मुखिया रहे इस दौ? से बाहर हो गए थे।इसलिए रविकांत को सी एम डी चयन मे वरीयता देने के लिए सेवा निवृत्ति के तीन वर्ष की आवश्यक शर्त को हटाकर संशोधित आदेश जारी किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जो सात निगम बनाए गए हैं वे निम्नानुसार होंगे।ग्लाइडर इंडिया लि. कानपुर ट्रुफ कम्फर्ट इंडिया लि.कानपुर एडवांस वेपन एंड इक्यूपमेंट इंडिया लि.कानपुर व्हीकल इंडिया लि.चेन्नई एम्युनिशन एंड एक्सप्लोसिव इंडिया लि.पुणे यांत्रिक इंडिया लि.अंबाझरी नागपुर आप्टो इलेक्ट्रॉनिक इंडिया लि.देहरादून आदि होंगे।

# श्रीजा केसरवानी ने बढ़ाया गौरव



**जबलपुर।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 12वीं की वार्षिक नतीजे में नचिकेता हायर सेकेण्डरी स्कूल की छात्रा श्रीजा केसरवानी ने शानदार कामयाबी अर्जित कर 94 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वे श्रीमती निरुपा केसवानी और दिनेश कुमार केसवानी की सुपुत्री हैं।

# अवनी जायसवाल को मिली शानदार सफलता



**जबलपुर।** सेंट जोसफ कान्वेंट गर्ल्स सीनियर सेकेण्डरी स्कूल की छात्रा अवनी जायसवाल ने सीबीएसई की कक्षा दसवीं में शानदार प्रदर्शन करते हुए 95.2 प्रतिशत अंक अर्जित किए। वे श्रीमती स्मिता जायसवाल और राकेश जायसवाल की सुपुत्री हैं।

## पमरे ने जून 2021 में लोडिंग की नयी दिशाओं में नये आयाम स्थापित किये

# माल ढुलाई में रिकार्ड रेल राजस्व प्राप्त किया

**जबलपुर यश भारत।** कोविड-19 महामारी के विषम परिस्थितियों में भी पमरे ने तीनों मंडलों में माह जून 2021 में लोडिंग के क्षेत्र में नयी-नयी दशाओं और दिशाओं को खोज कर नये आयाम स्थापित किये है। पमरे के तीनों मण्डलों में व्यापार विकास इकाइयां स्थापित किया गया है। जिसमें रेल अधिकारियों एवं लोडिंग करने वाले व्यापारियों का समूह नामित होता है। जिसमें व्यापारियों का अपना माल अधिक से अधिक रेलवे द्वारा बुक करने के लिए अनेकों तरह की रियायतें, छूट एवं सुविधाएं दी जाती हैं। जिससे व्यापारी अधिक से अधिक रेलवे की तरफ आकर्षित हो। इसके अंतर्गत पमरे ने अपने परंपरागत माल ढुलाई के अलावा अन्य नए माल उत्पादको को ढूंढ निकाला है और उनकी



सुविधानुसार साइडिंगो को खोलने का उपक्रम किया। जिसके सुखद परिणाम स्वरूप पमरे ने करोड़ों की अतिरिक्त आय अर्जित की तथा आगे भी यह अभियान जारी रहेगा।

*खाद्य तेल लोडिंग, *बाजरा लोडिंग *लाल गेरू पाउडर की लोडिंग *सैंड लोडिंग पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय एवं जबलपुर भोपाल कोटा मंडल पर बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट की स्थापना की गई है जिनके द्वारा व्यापारियों के साथ समन्वय कर पमरे की लोडिंग को त्वरित गति प्रदान की गई है रेलवे ने माल गाड़ियों की गति में वृद्धि की जिससे माल समय पर और जल्दी पहुंचाना आसान हुआ है। *ऑनलाइन माल ढुलाई भुगतान कार्यान्वयन डिजिटल को बढ़ावा देने के लिए पश्चिम मध्य रेल द्वारा माल ढुलाई भुगतान को ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध की गई है। जिससे लोडिंग व्यापारियों को ऑनलाइन भुगतान के लिए 24*7 समय सेवाएं उपलब्ध रहती है। इस सुविधा का उपयोग करते हुए पमरे ने जून 2021 में 163 रेलवे रिसिप्ट का भुगतान करके रुपये 53,67,56,723 की आय रेल राजस्व में प्राप्त हुई। पश्चिम मध्य रेलवे ने कोविड-19 की आपदा को अवसर में बदलते हुए अपने चौतरफा सक्षमता और कार्यकुशलता में आवश्यक परिवर्तन कर निष्पादन पद्धति में बदलाव करते हुए माल ढुलाई के क्षेत्र में नये-नये आयाम स्थापित किये।

# 61 हजार की अंग्रेजी शराब सहित एक तस्कर को दबोचा

**जबलपुर।** शहर में अवैध शराब बेचने का गोरखधंधा हर ओर फल-फूल रहा है। जिसके चलते थाना रांझी और ग्वारीघाट में पुलिस ने दबिश देकर एक आरोपी को गिरफ्तार कर, भारी मात्रा में अंग्रेजी और कच्ची शराब जब्त की है। एक आरोपी पुलिस को देखकर मौके से फरार होने में सफल रहा। जानकारी अनुसार थाना रांझी अंतर्गत पुलिस को सूचना मिली कि न्यू शोभापुर निवासी पन्ना चक्रवर्ती अपने घर की वॉउण्ड्री वाल के अंदर अधिक मात्रा में अंग्रेजी शराब बेचने के लिये रखे हैं। सूचना पर पुलिस ने दबिश दी तो आरोपी पीछे से अंधेरे का फायदा उठाते हुए मौके से फरार हो गया। जिसके बाद पुलिस ने तलाशी लेने पर 5 कागज की पेटियां रखी मिली, जिन्हें चैक करने पर सभी में 750 एमएल वालीं अंग्रेजी शराब 12 बाटल रायल स्टेग, 12 बाटल इम्पीरियल ब्लू, 12 बाटल आफिसर्स च्वाईस, 12 बाटल बेग पाईपर व्हिस्की, 12 बाटल मैक डावल रम तथा एक प्लास्टिक के थेले में रखी 7 बाटल मैकडावल रम ,6 बाटल बैग पाईपर व्हिस्की, 3 बाटल आफि सर्स च्वाईस, रखी मिली। अंग्रेजी शराब कुल 76 बाटल अलग अलग ब्रांड की कीमती लगभग 61 हजार रूपये की जब्त करते हुए कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

इसी प्रकार , थाना प्रभारी ग्वारीघाट श्री विजय कुमार परस्ते ने बताया कि विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम भटौली के पास नीचे तरफ से प्रवाहित होने वाला नाला सुनसान सिद्ध स्थान के पास ग्राम भटौली का रहने वाला रामकुमार बर्मन जो पहले भी अवैध शराब में पकड़ा जा चुका है, ग्राम पिपरिया तरफ से 4 प्लास्टिक के बड़े बड़े डिब्बों में कच्ची शराब बेचने हेतु लाकर रखा है । पुलिस ने दबिश देकर राजकुमार बर्मन उम्र 49 वर्ष निवासी ग्राम भटौली काली धाम मोहल्ला ग्वारीघाट के कब्जे से 60 लीटर कच्ची शराब जब्त कर, कार्रवाई को अंजाम दिया।



# वीरेंद्र शर्मा संभागीय अध्यक्ष बने

**जबलपुर।** न्यू बहु उद्देश्यीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष रामकिशोर सिंह भदौरिया ने वीरेंद्र शर्मा को संघ का संभागीय अध्यक्ष नियुक्त किया है। इनकी नियुक्ति पर संघ के पदाधिकारियों ने बधाई प्रेषित की है।

# नोटिस जारी करने तक सिमटी नगर निगम की कार्रवाई

**भोपाल।** भोपाल में 300 से ज्यादा मकान जर्जर हैं। जबकि निगम 242 को जर्जर मानता है। ऐसा नहीं है कि नगर निगम फिक्रमंद नहीं है, बल्कि हर साल बरसात से पहले ही इन जर्जर मकानों के मालिकों को एक हफ्ते में मकान मेंटेनेंस या फिर मकान खाली करने के नोटिस थमा दिए जाते हैं। वो इसलिए ताकि भविष्य में अगर मकान या उसका कोई हिस्सा ढहने से कोई हादसा हो, तो नोटिस दिखाकर पल्ला झाड़ लिया जाए। हमीदिया रोड पर मनोहर डेरी के बगल में करीब 50 साल पुरानी दो मंजिला इमारत है, जो जर्जर घोषित है। यहां करीब एक दर्जन दुकानें हैं, जिनमें बल्लियों के सहारे छत को गिरने से रोका गया है। इसी तरह पांच नंबर मार्केट के ऊपर बने तीनमंजिला जर्जर भवन में 30 से ज्यादा परिवार रह रहे हैं। ओल्ड सुभाष नगर में ब्लॉक 35 व 36 जर्जर हो चुका है, जो कभी भी गिर सकता है। यहां करीब 30 परिवार रहते हैं। ये तो सिर्फ उदाहरण हैं। शहर में कुछ बिल्डिंग ऐसी भी हैं, जो 100 साल पुरानी हैं। इनमें पीर गेट, जुमेराती, हमीदिया रोड, चौक बाजार, इकबाल मैदान, इमामी गेट इलाके में ऐसी इमारतें जर्जर हालत में खड़ीं हैं, जो बारिश में कभी भी भरभरा कर ढह सकती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक हर जोन में 15 से 20 भवन ऐसे हैं, जो जर्जर हैं। सबसे ज्यादा जर्जर भवन पुराने शहर के जोन 2, 3, 4 व 5 में हैं। यहां नवाबी दौर की इमारतें हैं या फिर हाउसिंग बोर्ड और निगम के भवन हैं, जो इतने जर्जर हैं कि कभी भी भरभराकर गिर सकते हैं।

### 2013 के बाद नहीं हुआ जर्जर मकानों का सर्वे

बता दें कि 18-19 नवंबर 2012 की दरम्यानी रात सांई बाबा नगर में हुए टंकी हादसे से सबक लेते हुए जनवरी 2013 में नगर निगम ने जर्जर भवनों की कुंडली बनवाई थी। जोनवार सर्वे में कुल 209 जर्जर भवनों को चिन्हित कर उन्हें तोड़ने की तैयारी की गई। लेकिन कार्रवाई नोटिस जारी करने तक सिमट गई। 2014 में जर्जर मकानों का आंकड़ा 220 पर पहुंच गया, जबकि मई 2015 में निगम ने 242 जर्जर मकानों को नोटिस थमाए। लेकिन इसके बाद से अब तक जर्जर मकानों में इजाफा नहीं हुआ है।



### बारिश में कहीं ढह न जाएं कमजोर इमारतें



### क्यों नहीं ढहाए जाते जर्जर मकान

नगर निगम अफसरों के मुताबिक शहर में जितने भी जर्जर मकान हैं, उनमें लोगों की रिहाइश है। करीब 60 फीसद मकानों को ढहाने की कार्रवाई राजनीतिक दबाव के चलते नहीं हो पाती, जबकि 40 फीसदी मकान संपत्ति विवाद वाले हैं। इनके मामले कोर्ट में लंबित हैं, जिसकी वजह से इन्हें ढहाया नहीं जा सकता।



# सभी राशन दुकानों में अन्न उत्सव आयोजन के पोस्टर लगाने का निर्देश

**भोपाल।** प्रदेश के साथ-साथ राजधानी भोपाल में भी दो दिन बाद होने जा रहे अन्?न उत?सव की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। कलेक्टर अविनाश लवानिया खुद जिले के अलग अलग क्षेत्रों में स्थित पीडीएस दुकानों का लगातार दो दिनों से निरीक्षण कर रहे हैं। उन्?होंने खाद्य विभाग सभी अधिकारियो को अन्न उत्सव योजना की तैयारियों के लिए जिले की पीडीएस दुकानों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। बुधवार को इसी सिलसिले में उन्?होंने बागसेवनिया, जहांगीराबाद और अन्य क्षेत्रों की दुकानों का निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी भी उनके साथ रहीं। कलेक्टर ने विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी राशन दुकानों पर अन्न उत्सव के आयोजन के संबंध में पोस्टर लगाए जाएं। इसके साथ विगत दिनों दिए गए निर्देशों के अनुसार पांच प्रकार की सूचनाओं को समाहित करते हुए पोस्टर सभी पीडीएस दुकानों पर लगाए जाएं। सभी हितग्राही उपभोक्ताओं को शासन के निर्देशानुसार राशन उपलब्ध हो, इसके लिए विभिन्?न क्षेत्रों के एसडीएम, तहसीलदार, खाद्य निरीक्षक और अन्य अधिकारी भी लगातार निरीक्षण करते रहें। लोगों से चर्चा करते रहे और यह सुनिश्चित करें कि सुरिक्षत शारीरिक दूरी के साथ ही सभी को खाद्य सामग्रियों का वितरण हो। कलेक्टर इसके पहले बैरागढ़ स्थित अन्य दुकानों का निरीक्षण करने पहुंचे थे। वहां भी उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि किसी प्रकार की लापरवाही ना की जाए। इस संदर्भ में जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि जिले में पीडीएस की 447 दुकानें हैं। सभी दुकानों का निरीक्षण कराया जा रहा है और उपलब्ध राशन और वितरित राशन का भी भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है। जिले में 3 लाख से अधिक परिवारों के 12 लाख 92 हजार उपभोक्ता अधिसूचित है। पोर्टेबल उपभोक्ता के अंतर्गत 27 हजार 673 व्यक्तियों को भी राशन उपलब्ध कराया जा रहा है।



# भोपाल एयरपोर्ट पर रौनक बढ़ी, 15 में से 13 उड़ानें फिर शुरू हुईं

**भोपाल।** कोरोना संकट के कारण एयरलाइंस कंपनियों और एयरपोर्ट अथारिटी को बहुत नुकसान उठाना पड़ा। संक्रमण के खतरे के कारण विमान से सफर करने वालों की संख्या 80 फीसद तक कम हो गई थी, पर अब यह बीते दिनों की बात हो गई है। भोपाल एयरपोर्ट की रौनक फिर से लौट आई है। हवाई यातायात पर कोरोना का असर लगभग समाप्ति की ओर है। कोरोना की पहली लहर के समय दो माह तक घरेलू उड़ानें बंद रही थीं। दूसरी लहर के दौरान हवाई यातायात पूरी तरह बंद नहीं हुआ, लेकिन कई पाबंदियों और संक्रमण के खतरे के कारण यात्रियों ने ही सफर करना बंद कर दिया। नतीजतन, एयरलाइंस कंपनियों को अपनी उड़ानें अस्थाई रूप से बंद करनी पड़ी। राजा भोज एयरपोर्ट से कुछ समय तक एक भी उड़ान का संचालन नहीं हुआ। दो उड़ानों के साथ एयर ट्रैफिक पुन- शुरू हुआ था, लेकिन यात्रियों का टोटा बना हुआ था। अब स्थिति सामान्य हो रही है।



### 13 उड़ानों का संचालन पुन- शुरू हुआ

कोरोना काल से पहले भोपाल से 15 जोड़ी उड़ानों का संचालन हो रहा था। अब 15 में से 13 जोड़ी उड़ानों का संचालन फिर से शुरू हो गया है। यात्रियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। यात्रियों की औसत संख्या 2500 से भी अधिक हो गई है। एयरपोर्ट अथॉरिटी की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार जून माह में राजा भोज एयरपोर्ट से 26 हजार 506 यात्रियों ने सफर किया। इस दौरान 264 विमानों ने फेरे लगाए। जुलाई के अधिकृत आंकड़े अभी जारी नहीं हुए हैं, लेकिन अनुमानित संख्या 50 हजार हो सकती है। अगस्त की शुरुआत के साथ ही संख्या फिर बढ़ी है। अब औसत ढाई हजार यात्री प्रतिदिन सफर कर रहे हैं। माना जा रहा है कि विंटर सीजन में भोपाल एक बार फिर एक लाख मासिक यात्री संख्या वाले क्लब में शामिल हो जाएगा।

### भोपाल से इन शहरों तक सीधी उड़ान

वर्तमान में भोपाल से दिल्ली एवं मुंबई के अलावा हैदराबाद, बेंगलुरु, प्रयागराज एवं तक सीधी उड़ान सुविधा है। बेंगलुरु उड़ान चेन्नई भी जाती है। अगले माह तक अहमदाबाद एवं आगरा उड़ान भी शुरू होने की उम्मीद है। इन दोनों उड़ानों के साथ ही एयर ट्रैफिक कोरोना से पहले की स्थिति में आ जाएगा। लखनऊ, कोलकाता, रायपुर एवं जयपुर उड़ान भी शुरू होने की संभावना है।

**पाबंदियां हटने से और बढ़ेगा ट्रैफिक**

वर्तमान में डीजीसीए की ओर से 65 फीसदी क्षमता तक उड़ान संचालन की अनुमति है, इस कारण कुछ उड़ानें शुरू नहीं हो पा रही हैं। पाबंदी हटते ही भोपाल से एयर ट्रैफिक तेजी से बढ़ेगा। स्थिति सामान्य होने लगी है।

**- केएल अग्रवाल, एयरपोर्ट डायरेक्टर**

# अब निजी एजेंसी बनाएगी माइनिंग प्लान नदियों से बेतहाशा रेत निकालने पर लगेगी रोक

**भोपाल ।** प्रदेश में अवैध रेत उत्खनन और उससे नदियों, पर्यावरण, जैव विविधता एवं जलीय जीवों पर पड़ने वाले असर को देखते हुए उत्खनन योजना (माइनिंग प्लान) बनाने का जिम्मा निजी एजेंसी को सौंपा जा रहा है। यह एजेंसी केंद्र सरकार की देखरेख में काम करेगी और रेत भंडारण वाले प्रदेश के 40 जिलों में वैज्ञानिक और तकनीकी आधार पर सर्वे करेगी।इस दौरान रेत उत्खनन से नदियों, पर्यावरण, जैव विविधता और जलीय जीवों पर पड़ने वाले असर का आकलन किया जाएगा। इस आधार पर एजेंसी पांच साल की रेत उत्खनन योजना बनाएगी और फिर राज्य सरकार उस योजना और शर्तों के मुताबिक रेत खदानें नीलाम करेगी। इससे नदियों से रेत के बेतहाशा उत्खनन पर रोक लगने की उम्मीद की जा रही है।केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने नदियों से रेत उत्खनन पर विशेष कार्ययोजना तैयार करने की तैयारी कर ली है। मंत्रालय ने खनिज विभाग को इसकी इत्तला दे दी है। यह भी बता दिया है कि रेत खदानों की अगली नीलामी रेत उत्खनन से पर्यावरण पर पड़ने वाले असर के आकलन के बाद ही होगी। हालांकि अभी यह तय नहीं है कि यह आकलन कौन-सी एजेंसी करेगी, पर वर्ष 2023 से इसके प्रभावी होने की संभावना है।ज्ञात हो कि वर्तमान में जिला खनिज अधिकारी जिले की पांच साल की उत्खनन योजना तैयार करते हैं और कलेक्टर की अध्यक्षता वाली समिति इसका अनुमोदन करती है। इसी आधार पर खदानों की नीलामी होती है। जानकार बताते हैं कि इस परिवर्तन का असर वर्तमान में ठेके लेकर उत्खनन कर रहे ठेकेदारों पर नहीं पड़ेगा। उनके ठेके की अवधि वर्ष 2022-23 में खत्म होगी। इसके बाद नए ठेके नए नियमों के तहत किए जाएंगे। इसके लिए प्रदेश की खनिज नीति में बदलाव भी होगा।



### नदियों की धारा की जगह बदल रही

प्रदेश में बेतहाशा रेत खनन हो रहा है। इससे जलीय जीवों, पर्यावरण और जैव विविधता पर तो असर पड़ ही रहा है, नदियों की धारा भी जगह बदल रही है। यह स्थिति काफी नुकसानदायक है।

### एजेंसी तय करेगी कहां से कितनी रेत निकालें

जिस एजेंसी को रेत उत्खनन से पहले आकलन का जिम्मा सौंपा जाएगा, वही यह तय करेगी कि किस नदी एवं किस घाट से कितनी मात्रा में रेत निकाली जाए। एजेंसी पांच साल की उत्खनन योजना में इसका जिक्र करेगी। नए ठेके देने के बाद खदानों से कितनी रेत निकाली जा रही है, उसकी निगरानी भी एजेंसी करेगी। ये एजेंसी निजी भूमि पर जमा होने वाली रेत की नीलामी को लेकर भी मापदंड तैयार करेगी। एजेंसी जिन नदियों के पर्यावरण प्रभाव का आकलन नहीं कर पाएगी, उनसे रेत भी नहीं निकाली जाएगी।

# आदमपुर छावनी में लगेगा चारकोल बनाने का प्लांट

**भोपाल।** आदमपुर छावनी लैंडफिल साइट (कचरा खंती) में डंप लाखों मीट्रिक टन कचरे से नगर निगम बिजली भले ही न बनवा सका हो, लेकिन जल्द ही कचरे से बायो सीएनजी के साथ ही टोरेफाइड चारकोल का उत्पादन शुरू होने वाला है। 300 टन म्यूनिसिपल सॉलिड वेस्ट से बायो सीएनजी बनाने का प्लांट लगाया जा रहा है, जबकि केंद्र सरकार की कंपनी नेशनल थर्मल पॉवर कार्पोरेशन लिमिटेड (एनटीपीसी) 400 टन सॉलिड वेस्ट से टोरेफाईड चारकोल बनाएगी। कंपनी इस पर लगभग 80 करोड़ रुपए खर्च करेगी।नगर निगम आयुक्त वीएस चौधरी कोलसानी ने एनटीपीसी के डायरेक्टर फाइनेंस एवं चेयरमेन एनवीवीएन अनिल कुमार गौतम के साथ आदमपुर छावनी में लगने वाले सालिड वेस्ट से टोरेफाइड चारकोल बनाने वाले प्लांट लगाने के बारे में चर्चा की और अनुबंध के मुताबिक जल्द ही प्लांट निर्माण शुरू करने का फैसला हुआ। बता दें कि शहर में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु म्युनिसिपल सॉलिड वेस्ट से टोरेफाईड चारकोल निर्माण हेतु प्लांट लगाने के लिए एनटीपीसी से नगर निगम 27 अक्टूबर 2020 को करार कर चुका है। प्लांट की क्षमता प्रतिदिन 400 टन सूखे कचरे से चारकोल निर्माण की होगी। यह कार्य बिल्ट ऑन ऑपरेट मॉडल पर आधारित है। इस प्लांट की स्थापना एवं संचालन-संधारण कार्य एनटीपीसी द्वारा ही 25 वर्ष तक किया जाना है। नगर निगम द्वारा 400 टन प्रतिदिन ( 20 प्रतिशत) सूखा कचरा उपलब्ध कराना होगा। जबकि कचरे से बनने वाले कोयले पर एनटीपीसी का अधिकार होगा। प्लांट की स्थापना में 15 माह का समय लगना संभावित है तथा स्थापना में राशि 80 करोड़ का व्यय अनुमानित है। प्लांट की स्थापना हेतु आदमपुर छावनी में 15 एकड़ भूमि एनटीपीसी को आवंटित की जानी है। बिल्ट ऑन आपरेट मॉडल पर आधारित इस प्रोजेक्ट से कचरे के प्रोसेसिंग में सालाना खर्च होने वाली 4 करोड़ 86 लाख 18 हजार रुपए की बचत होगी।



# अब आंगनवाड़ी और अस्पतालों की रसोई में इस्तेमाल होगा डबल फोर्टिफाइड नमक

**भोपाल।** प्रदेश के 94 हजार से ज्यादा आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों, गर्भवती एवं धाती माताओं और सरकारी अस्पतालों में मरीजों के लिए बनने वाले खाने में अब डबलफोर्टिफाइड नमक का इस्तेमाल किया जाएगा। प्रदेश के 20 जिलों में दो साल से इस नमक का प्रयोग के तौर पर इस्तेमाल हो रहा था। इसके अच्छे परिणाम आने पर इसे बच्चों, गर्भवती-धाती माताओं और मरीजों के खाने में इस्तेमाल करने का फैसला लिया गया है। सरकार का दावा है कि इसके इस्तेमाल से रक्ताल्पता (एनीमिया) में पांच फीसद की कमी आई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4 के मुताबिक प्रदेश में छह से 59 माह के 68.9 फीसद बच्चे, 15 से 49 साल की 52.4 फीसद महिलाएं, 54 फीसद गर्भवती एवं 15 से 49 साल के 25.5 फीसद पुरुष खून की कमी के शिकार हैं।प्रदेश में रक्ताल्पता को कम करने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य सरकार ऐसे बच्चे, महिला और पुरुषों को अनुपूरक के रूप में आयरन फोलिक एसिड दे रही है। इसके साथ ही फूड फोर्टिफिकेशन (खाद्य किलेबंदी) की रणनीति के तहत डबल फोर्टिफाइड नमक दिया जा रहा है।सरकार ने वर्ष 2018 में 20 जिलों के 89 विकास खंड़ों में उचित मूल्य राशन के साथ यह नमक देना शुरू कर दिया था। जिन लोगों को यह नमक दिया गया, शुरूआत में उनका सर्वे किया और हाल ही में दोबारा सर्वे किया, तो अंतर सामने आ गया।इसके बाद मध्य प्रदेश स्टेट सिविल सप्लाई कॉर्पोरेशन ने आंगनवाड़ी, स्कूल और सरकारी अस्पतालों में तैयार होने वाले आहार में इस नमक के इस्तेमाल का बढ़ावा देने की रणनीति तैयार की है। इसके तहत मंगलवार को शहर की एक होटल में महिला एवं बाल विकास विभाग और कॉर्पोरेशन के मैदानी अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

### नमक में क्या ...

रक्ताल्पता को दूर करने के लिए विशेष रूप से तैयार इस नमक में आयरन और आयोडीन है। इसमें 850-1100 पीपीएम (पाट्स पर मिलियन) आयरन और 20-30 पीपीएम आयोडीन है।

# कलियासोत नदी के 12 किमी क्षेत्र में पौने दो सौ जगहों पर मिला अतिक्रमण



**भोपाल ।** राजधानी में कलियासोत नदी के 12 किलोमीटर हिस्से में 175 से अधिक निर्माण मिले हैं। इनमें से 75 फीसद पक्के निर्माण हैं। जेके अस्पताल हो या अन्य बड़े संस्थान और कॉलोनाइजर, किसी के पास गंदे पाने को ट्रीट करने के लिए प्लांट नही है। यहां तक कि बायोमेडिकल वेस्ट को भी नदी में फेंका जा रहा है। लाखों लीटर गंदा पानी छोड़ रहे हैं। यह स्थिति नदी के निरीक्षण के दूसरे दिन बुधवार को मिली। यह निरीक्षण प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीसीबी) की टीम और याचिकाकर्ता डॉ. सुभाष सी पांडे ने संयुक्त रूप से किया है।याचिकाकर्ता डॉ. सुभाष पांडे ने एनजीटी को बताया था कि नदी को अतिक्रमण करके बर्बाद कर दिया है। नदी का जल प्रवाह क्षेत्र संकरा हो गया है। पक्के निर्माण किए हैं। यही स्थिति रही तो अस्तित्व ही खत्म हो जाएगा। इस पर एनजीटी ने 19 जुलाई को सुनवाई करते हुए कहा था कि जिन बिंदूओं के आधार पर गंगा नदी का संरक्षण किया जा रहा है, उसी तरह कलियासोत नदी का संरक्षण किया जाए। इसके बाद ही पीसीबी के अधिकारियों का दल याचिकाकर्ता के साथ संयुक्त निरीक्षण कर रहा है।

### एनजीटी को सौंपी जाएगी रिपोर्ट

पीसीबी और याचिकाकर्ता द्वारा किए जा रहे संयुक्त निरीक्षण के बाद तैयार रिपोर्ट से एनजीटी को अवगत कराया जाएगा। इसी रिपोर्ट के आधार पर कलियासोत नदी को अतिक्रमण मुक्त करने की योजना बनेगी।

### संयुक्त निरीक्षण में कहां क्या मिला

भूमिका रेसीडेंसी के पास नदी एरिया को पाटकर पार्किंग योग्य जगह निकाल ली है। सागर प्रीमियम प्लाजा के पास नदी को पाट दिया गया है। पक्का निर्माण किया जा रहा है। एनजीटी के निर्देश पर लगाए सूचना बोर्ड भूमिका रेसीडेंसी व सागर प्रीमियम प्लाजा के पास से नष्ट कर दिए गए। मंदाकिनी कॉलोनी का पूरा गंदा पानी नदी में छोड़ा जा रहा है। आसपास के क्षेत्रों में अतिक्रमण भी किया जा रहा है।सर्वधर्म डी सेक्टर के आसपास पक्के अतिक्रमण नहीं तोड़े गए हैं।नदी के बेसमेंट व ग्रीन बेल्ट क्षेत्र में जगह-जगह अवैध अतिक्रमण है।

# लंबे समय तक शालाएं बंद रहने से बैरागढ़ के निजी स्कूल संचालक दुखी, संगठन बनाकर लिया संघर्ष का संकल्प

**भोपाल।** कोरोना संक्रमण के कारण इस बार लंबे समय तक स्कूल बंद रहे। इससे निजी स्कूल संचालकों को काफी नुकसान उठाना पड़ा। स्कूलों को फीस भी समय पर नहीं मिल रही है। कई पालक फीस जमा ही नहीं कर रहे हैं। इस तरह की कई समस्याएं सामने आ रही हैं। यह देखते हुए बैरागढ़ के प्राइवेट स्कूल संचालकों ने प्रदेश स्तर पर संचालित प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन से जुड़कर समस्याओं के लिए संघर्ष करने का निर्णय लिया है।संगठन की बैरागढ़ इकाई का अध्यक्ष ओम विद्या मंदिर के संचालक मनीष चौबे को बनाया गया है। शिक्षाविद किरण वाधवानी ने बताया कि प्रदेशस्तरीय संगठन के साथ मिलकर समस्याओं का निराकरण करने के प्रयास किए जाएंगे और आवाज उठाई जाएगी। एसोसिएशन की एक बैठक संभागीय अध्यक्ष सौरभ सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। प्रदेश अध्यक्ष अजीत सिंह के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में यह संस्था कार्य कर रही है एवं लगातार प्राइवेट स्कूलों की समस्या के लिए संघर्ष कर रही है। सिंह ने सभी विद्यालयों से चर्चा कर मनीष चौबे को अध्यक्ष नियुक्त किया।



स्थानीय स्तर पर नहीं मिली मदद

स्कूल संचालकों के अनुसार कोरोना काल के दौरान शासन की रीति-नीति के कारण निजी विद्यालयों को बहुत अधिक समस्या का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय स्तर पर उन्हें कोई मदद नहीं मिल रही है

# दल दल से निकलने को मजबूर ग्रामीण



**पाटन।** पाटन के समीप स्थित ग्राम काटी पहुच मार्ग की डगर बहुत कठिन है ग्रामीणों को बहुत ही मुश्किल से मार्ग पर आवागमन करना पड रहा है पूरा मार्ग कीचड से सना पडा है पक्की सडक तो दूर मुरम का भी नामोनिशान नही है जगह जगह दो से तीन फीट गहरे गड्ढे हो गए है जिनमे पानी भर जाने से आये दिन लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे है ग्राम के पास ही खनन माफिया द्वारा रेत का खनन किया जाता था जिससे क्षमता से अधिक बाले भारी वाहनों की आवाजाही होती थी जिसके कारण बची हुई सडक के भी परखच्चे उड गए ग्रामीणों के प्रयासों से रेत का खनन तो बंद हो गया पर सडक चलने लायक नही बची पिछले वर्ष रेत खनन से हुए बडे गड्डो में डूबने से एक बच्चे की मौत भी हो चुकी है तब ग्रामीणों ने अधिकारियों से सडक के सुधार कार्य की बात भी कही पर साल भर बीत जाने के बाद भी सडक का निर्माण नही हो सका केवल आस्वासन मिलता रहा ग्रामीण राजेश जैन ब्रजेश दुबे प्रीतम सिंह ने संबंधित अधिकारियों से इस और ध्यान देने की मांग की है साथ ही कहा है कि सुधार कार्य नही होने पर बे आंदोलन करने को मजबूर हो जायेगे।



# अमखेरा कुदबारी सड़क गायब, कीचड़ ही कीचड़



जबलपुर। नया वार्ड क्रमांक 74 अमखेरा कुदबारी के रहवासी रोड की समस्या से जूझ रहे । यहां सड़क कीचड़ में बदल गई हे7 रोजाना लोग एक्सीडेंट के शिकार हो रहे हैं फिर भी प्रशासन के कान में जूं नहीं रेंग रही । इस समस्या को लेकर कुदबारी अमखेरा के लोग पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भारत सिंह यादव के निवास पहुंचे और इस समस्या से निजात दिलाने के लिए आग्रह किया भारत सिंह यादव ने आश्वासन दिया है कि अधिकारियों से चर्चा कर आपकी समस्या का जल्द निराकरण किया जाएगा।

# मिनी स्मार्ट सिटी को चिड़ा रही जर्जर सड़कें



अनूपपुर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकाल में पवित्र नगरी अमरकंटक को मिनी स्मार्ट सिटी बनाया गया था और मिनी स्मार्ट सिटी बनाने के लिए प्रशासन द्वारा करोड़ों रुपए का बजट भी दिया गया जिससे पवित्र नगरी का सर्वांगीण विकास हो और सड़क के पेयजल की परेशानी ना हो लेकिन अमरकंटक में अनेक मोहल्लों की सड़कें जर्जर हैं जिसमें बरसात के मौसम में वाहन से चलना तो दूर पैदल चलना भी दुश्वार हो गया हैद्य परिषद अमरकंटक वार्ड क्रमांक 15 की सड़क पर कम से कम गिट्टी और मुरूम डलवा दे जिससे लोगो के आवागमन में कुछ सहुलियत हो सके अमरकण्टक के सडकों का हाल बहुत ही खस्ता है कहने को तो अमरकण्टक मिनी स्मार्ट सिटी पर अमरकण्टक के सडको का हाल बहुत ही खराब है हर जगह बडे बडे गड्ढे जोकि तालाब में तब्दील हो गया है अक्सर देखा गया है गाडियों के गड्ढे पर चलने की वजह से आने जाने वाले पथ राहगीरों के ऊपर स?क का पानी ऊपर छिटक कर आता है। यही हाल अमरकण्टक के वार्ड नंबर 15 जमुनाददर का भी है दरसअल कच्चा मार्ग उस पर मिट्टी बारिश का पानी पडने कस साथ ही कीचड का रूप ले लेता है जिसकी वजह से फिसलन का होना आम बात है। जिस वजह से आवागमन कर पाना बहुत ही टेडी खीर साबित होती है अक्सर देखा गया है कि कीचड में बडे छोटे वाहन फसे रहते है और घंटो मसक्त के बाद कीचड से बाहर निकाला जाता है । यही नही आये दिन फिसलन की वजह से वाहन दुर्घटना होना आम बात है।आपको बता दे यह एक विशेष मार्ग है यहाँ से पर्यटन स्थल धुनिपनी और भृगुकमण्डल इसी रास्ते से जाना पडता है जिस कारण पर्यटक भी परेशान होते है इसके साथ इस मार्ग पर सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल भी इसी रास्ते से जाना पडता जिससे स्कूली बच्चों को भी खासतौर पर काफी मसक्कत उठानी पडती है साथ ही वार्ड में रहने वाले स्थानीय लोगों को भी दिन रात में आने जाने में बहुत ही असुविधा होती है ।स्थानीय लोगों का कहना है कि अब उन्हें इस नरकीय स्थिति में जीने की आदत सी पड गयी है। लोग इसे स्वीकार कर अपनी नियत बता रहे है। कई वर्षों से यही हालात है। आपको बता दे कुछ महीने पूर्व ही मुख्यमंत्री अधोसंरचना के अंतर्गत जमुनादादर धूनीपानी पक्का मार्ग बनाने के लिए टेंडर भी पास किया गया था पर अभी तक स?क निर्माण ना किया जाना समझ के बाहर है।

# मंडल व्यवहारी में मंडल कार्यसमिति की बैठक संपन्न

**शहडोल ।** प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के निर्देशन पर भारतीय जनता पार्टी मंडल व्यवहारी में मंडल कार्यसमिति की प्रथम बैठक कार्यक्रम में मंडल प्रभारी भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री अनिल द्विवेदी के मुख्य अतिथि एव मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश सोनी की अध्यक्षता में संपन्न हुई द्य विशिष्ट अतिथि के तौर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री पुष्पेंद्र पटेल, भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी शैलेंद्र श्रीवास्तव, जयप्रकाश गुप्ता सच्चा , शत्रुघ्न पटेल , श्री कृष्ण गुप्ता मंचासीन रहेद्य मंडल कार्यसमिति का शुभारंभ पंडित दीनदयाल जी एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया गयाद्य मुख्य अतिथि द्विवेदी ने राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत गीत भी प्रस्तुत किया और अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता हमेशा देशहित के प्रति समर्पित रहकर कार्यकर्ता आ रहा है और सेवा ही संगठन कार्यक्रम में पार्टी का पोलिंग स्तर से लेकर मंडल स्तर और जिला स्तर तक के कार्यकर्ता अपनी-अपनी भूमिका निभाते हुए सेवा कार्यक्रम किएद्य चाहे टीकाकरण कार्यक्रम की बात हो या फिर कोरोना काल के दौरान भोजन वितरण या राशन वितरण, सभी कार्यों में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जबकि अन्य राजनीतिक दल के कार्यकर्ता दिखाई तक नहीं दिएद्य मंडल कार्यसमिति की बैठक में भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी शैलेंद्र श्रीवास्तव एवं मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश सोनी ने भी अपने विचार व्यक्त किएद्य मंडल कार्यसमिति की बैठक में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष पुष्पा पटेल, मीरा कुशवाहा सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कोविड प्रोटोकॉल का पालन नहीं करने पर दुकानदारों पर गिरी गाज

## 288 से वसूल की गई 35 हजार 400 की जुर्माना राशि

**कटनी।** जिले में कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिये कोविड उपयुक्त व्यवहार का पालन कराने की दृष्टि से राजस्व, पुलिस और निकायों द्वारा सतत् रुप से कार्यवाही संचालित की जा रही है। जिसके तहत कोविड अनुकूल व्यवहार का पालन नहीं करने पर चालानी कार्यवाही की जा रही है। वहीं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों द्वारा कोविड-19 के निर्धारित प्रोटोकॉल्स का पालन नहीं करने पर भी संबंधित प्रतिष्ठान के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रशासनिक अमले द्वारा की जा रही है। इसी क्रम में सप्ताह में विभिन्न क्षेत्रों में संयुक्त कार्यवाही गई है। इस कार्यवाही में कुल 7 दुकानों से 2 हजार रुपये तथा 288 व्यक्तियों पर चालानी कार्यवाही करते हुये कुल 35 हजार 400 रुपये का जुर्माना वसूला गया है। जिसके अनुसार जिले में राजस्व विभाग द्वारा 6 दुकानों तथा नगर निगम द्वारा 1 दुकान प्रतिष्ठान पर चालानी कार्यवाही कर अर्थदण्ड वसूला गया है। जिसमें संबंधितों प्रतिष्ठानों से 2 हजार रुपये की राशि वसूल की गई है। इसी प्रकार सप्ताह भर में बिना मास्क घूम रहे लोगों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही करते हुये राजस्व विभाग द्वारा 95 व्यक्तियों से 9 हजार 500 रुपये तथा नगर निगम द्वारा 193 व्यक्तियों से 19 हजार 300 रुपये की राशि वसूली गई है। वहीं अन्य 66 व्यक्तियों पर चालानी कार्यवाही करते हुये 6600 रुपये की चालान राशि संबंधितों से वसूल की गई है।

# राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त हिंदी जगत के विलक्षण सितारे -डॉ. तिवारी

जिले के अग्रणी शासकीय तुलसी महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा दिनांक 3 अगस्त 2021को हिंदी जगत के विश्वविख्यात कवि मैथिलीशरण गुप्त के 135 वीं जयंती के अवसर पर आयोजित एक गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. परमानन्द तिवारी ने उक्त विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि गुप्त जी को राष्ट्रकवि की उपाधि राष्ट्रपति महात्मा गांधी जी द्वारा दी गई। भारत-भारती, साकेत और यशोधरा जैसी रचनाओं से उन्होंने हिंदी जगत को और समृद्ध किया।इस अवसर पर उपस्थित महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. जे के सन्त ने कहा कि मैथिलीशरण गुप्त जी ने स्वतंत्रता संग्राम के दौर में अपने लेखनी से सेनानियों और युवाओं में देशप्रेम की भावना को उद्वेलित करने वाली कविताएं लिखीं और फिर गांधीजी ने उन्हें राष्ट्रकवि की उपाधि भी प्रदान की। हिंदी विभाग के प्राध्यापक कृष्णचन्द्र सोनी ने मैथिलीशरण गुप्त के जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डॉ. देवेंद्र सिंह बागरी, डॉ. गीतेश्वरी पाण्डेय, डॉ. आकांक्षा राठौर, संगीता बासरानी, शाहबा? खान, डॉ. अमित भूषण, प्रीति वैश्य, पूनम धांडे, कमलेश चावले, विनोद कुमार कोल, ज्ञान प्रकाश पाण्डेय, डॉ. तरन्नुम सरवत और प्रियंका अग्रवाल उपस्थित रहे ।

# तम्बाखू के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों की दी जानकारी

**रीठी।** मध्यप्रदेश वॉलंटरी हेल्थ एसोसिएशन के सम्भागीय समन्वयक नेतराज सिंह परिहार द्वारा अधिकारियों को तम्बाखू से होने वाले गंभीर परिणामों की जानकारी दी गई एवं जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों, शासकीय कार्यालय, सार्वजनिक स्थान को तंबाकू मुक्त क्षेत्र बनाने का आव्हान किया। वर्कशॉप में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, जन अभियान परिषद, राजस्व विभाग, नगर पंचायत, खाद्य विभाग, एनआरएलएम विभाग एवं जनपद पंचायत आदि विभाग प्रमुख व अधिकारी एवं कर्मचारियों का तंबाकू नियंत्रण एवं कोटपा कानून प्रभावी क्रियान्वयन हेतु वर्कशॉप का आयोजन जनपद कार्यालय रीठी में आयोजित किया गया। कार्यशाला में 21 अधिकारियों कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी सतीश तिवारी नरे सभी को तम्बाखू नियंत्रण हेतु सतत रूप से कार्य करने एवं सार्वजनिक स्थल पर धूम्रपान करने वालों पर कोटपा कानून के अंतर्गत कार्यवाही करने की सलाह दी। भारत में तम्बाकू सेवन एवं धूम्रपान के कारण कैंसर से 12 से 13 लाख मौत हो रही है। थाना प्रभारी ने सभी सार्वजनिक स्थानों में जुर्माने की कार्यवाही का आश्वासन दिया। सीईओ प्रदीप सिंह ने ब्लॉक के सभी स्कूलों को तम्बाकू मुक्त बनाने की बात कही। बीएमओ रीठी वविता सिंह ने भी सभी का आभार व्यक्त किया।

# नन्हे मुन्ने बच्चों को बांटी खेल,पाठय सामग्री

**सिहोरा।** कोरोना काल में लम्बे समय से घरो में कैद रहने के कारण सबसे ज्यादा प्रभाव खासकर गरीब परीवारों के नन्हें मुन्ने बच्चों पर ही पडा है और ऐसे बच्चे व्यक्त तो कुछ नही करते पर उनके स्वाभाव में चिडचिडापन देखा जा सकता है ऐसे बच्चों के समग्र विकास और इस महामारी के डर से उन्हे बाहर निकालने के उद्देश्य से नगर मंडल के प्रचार मंत्री अशोक चौधरी ने वार्ड नम्बर 9 के आगनवाड़ी केन्द्र इमलहापुरा एंव पहरेवा में दर्जनों बच्चों को खेल एंव पाठय सामग्री बांटने के अलावा शिवमंदिर बाबाताल एंव कुररिया शाला में जामून ,महुआ, नीम,अशोक के अनेक पौधो का रोपण कर पर्यावरण संरक्षक का संदेश दिया सामग्री पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे । इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजा मोर ,प्रवीण



कुररिया,मंडल अध्यक्ष अभिषेक परौहा ,माधव मिश्रा, शिशिर पांडे,अंकित तिवारी, चीकू तिवारी, वंदना पटेल,सुधाकर तिवारी, नीरज पांडे,मामा कुररिया, अनिकेत तिवारी, डब्बू दुबे, पप्पू श्रीवास, संदेश विश्वकर्मा , सूर्यकांत पांडे सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# बरतराई में झोलाछाप डॉक्टर कर रहे इलाज

## बरतराई आमाडांड के झोलाछाप डॉक्टरों पर मेहरबान स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अमला

**कोतमा/** अनूपपुर जिले के कोयलांचल क्षेत्र के अंतिम छोर में बसे बरतराई आमाडांड में झोलाछाप डॉक्टरों का व्यवसाय बढ़ चढ़कर बोल रहा है। बरतराई आमाडांड मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ सीमा से कई ग्राम पंचायत व गांव जैसे चुकान, मंलगा,मझौली फुलवारी टोला, कुहका सहित कई गांव सीमा से सटे हुए हैं,जहा शासकीय उप स्वास्थ्य केंद्र भवन तो बने हैं पर उप स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य सुविधा दूर-दूर तक नजर नहीं आती ,स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टर ,नर्स अन्य स्टाफ का कई भी अता पता नहीं होता।कई कई वर्षों व महीनों से उप स्वास्थ्य केंद्र में ताले ही लटके हुए नजर आते हैं। जब स्थानीय ग्रामीणों को शासन की स्वास्थ्य सुविधा समय पर ना मिले तो लोग मजबूर होकर अपना एवं अपने परिवार का इलाज कराने के लिए बरतराई आमाडांड के झोलाछाप डाक्टरो के शरण में जाना पड़ता है, जहां झोलाछाप डॉक्टर मरीजों का इलाज करने के नाम पर लूट मचा रखी है। बरतराई आमाडांड में जगह-जगह झोलाछाप डॉक्टरों की क्लीनिक संचालित है कहीं डॉ ए .के .मलिक ( बंगाली दादा ) जन स्वास्थ्य रक्षक बनकर हॉस्पिटल खोल रखी है तो कहीं कुछ दिनों पूर्व जेल से छूटे मिश्रा जी ने बरतराई में क्लीनिक खोलने के साथ-साथ अपने रिश्तेदारों के नाम पर मेडिकल स्टोर खोलकर मरीजों का इलाज करने के नाम पर लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है मात्र अपनी अपनी जेब भरने के चक्कर में।

### कहना है-

जन स्वास्थ रक्षक द्वारा यदि अवैध तरीके से क्लीनिक पर इलाज कर मनमानी तरीके से लोगों से पैसे लिए जा रहे हैं वह गलत है, यदि क्लीनिक पर दवाइयों का भंडारण करके नाजायज तरीके से इलाज, ऑपरेशन, सीक के नाम पर पैसे लिए जा रहे हैं तो निश्चित तौर पर मैं जांच कर कारवाही करूंगा।

**के .एल .दीवान**
**खंड चिकित्सा अधिकारी कोतमा**

# सिविल सेवा सर्विसेज की तैयारी हेतु एसडीओपी ने आयोजित की कार्यशाला

**सिहोरा।** अनुविभागीय अधिकारी पुलिस 2018 बैच के आई पीएस अधिकारी श्रुतीकीर्ति सोमवंशी की कार्य प्रणाली नवाचार और सामुदायिक पुलिससिंग पीड़ित को तत्काल राहत और अपराधियों में पुलिस का भय बनाये रखने की चर्चा क्षेत्र सहित पूरे महकमें में रहती हैं। आईपीएस ऑफिसर ने सिविल सेवा सर्विसेज की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए एक वर्कशॉप की शुरूआत सिहोरा क्षेत्र से की है। ऐसा पहली बार हैं जब किसी आईपीएस ऑफिसर ने युवाओं के कैरियर को लेकर एक नई पहल की शुरुआत की हो। आईपीएस अधिकारी ने सिहोरा सहित आसपास के युवाओं को नियमित कोचिंग देकर सिविल सेवा परीक्षा के लिए प्रेरित करेंगे रविवार की सुबह 11 बजे से शासकीय रेस्ट हाउस सिहोरा में सिविल सेवा एवं किसी भी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों में जुटे छात्रों को आईपीएस अधिकारी श्रुती कीर्ति सोमवंशी निःशुल्क कोचिंग की शुरुआत की हैं। वर्कशॉप में सिविल सेवा की प्रारंभिक परीक्षा की तैयारी कैसे करें। वर्कशॉप में मुख्य परीक्षा तैयारी सहित समय प्रबंधन पर चर्चा की। साथ ही ऑप्शनल वैकल्पिक कोचिंग क्लास प्राथमिकता से दी गई। अनुविभागीय अधिकारी अधिकारी ने बताया कि वर्कशॉप में शासन के द्वारा निर्धारित कोरोना की गाइड लाइन का पालन करते हुए सिविल सेवा एवं किसी भी अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों में जुटे छात्रों को सम्पूर्ण कोचिंग दी जायेगी,आईपीएस अधिकारी श्रुति कीर्ति सोमवंशी ने बताया कि बीते दो सालों से दिमाग में ये चल रहा था। इस क्षेत्र के बहुत सारे युवा जब भी मिलते थे तो सिविल सेवा की तैयारी के बारे में जिक्र करते थे। उनकी बात चीत से महसूस हुआ कि उन्हें सही मार्गदर्शन की जरूरत हैं बस इसी सोच ने प्रेरणा दी और युवकों को मार्गदर्शन हेतु क्लास प्रारंभ कर दी ।



# 13 लाख से ज्यादा जमा हुआ टैक्स

**कटनी।** निगम के राजस्व अमले द्वारा जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशों के परिपालन में अधिक से अधिक नागरिकों को शासन द्वारा नगरीय निकायों के करों में प्रदाय की जा रही छूट का लाभ प्रदाय करनें व वित्तीय वर्ष 2021 -22 में निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के उद्देश्य से निगम एवं जोन कार्यालय के अलावा रोजाना शिविर का आयोजन किया जाकर नागरिकों को निगम के बकाया करों की राशि जमा करनें की सुविधा प्रदान की जा रही है। प्रभारी अधिकारी राजस्व जागेश्वर पाठक एवं अनिल त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में आज नगर निगम स्थित कम्प्यूटर कक्ष व जोन कार्यालयों के अलावा प्रातः 10 बजे से सुभाष चौक में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर स्थल पर उपस्थित कर्मचारियों द्वारा करदाताओं को शासन द्वारा प्रदत्त छूट लाभ प्रदान करते हुए शाम पांच बजे तक बकाया संपत्ति कर के रूप में कुल 12.13 लाख रूपये तथा जलकर के रूप में 1.71 लाख रूपये, कुल 13.84 लाख रूपये निगम कोष में जमा किये गए।

# ऑनलाइन गेम की लत से बच्चे बन रहे अपराधी

**बघराजी।** ऑनलाइन गेम की लत के कारण जहां बच्चों का व्यवहार बदल रहा है वही गेम की दीवानगी बच्चों को अपराध की तरफ धकेल रही है बच्चे ऑनलाइन गेम खेलने के चक्कर में अभिभावकों का एटीएम कार्ड चोरी कर खाते से रकम साफ कर रहे हैं साथ ही कई बार वे अपने दोस्तों से उधार भी ले लेते हैं।

जिसे चुकाने के लिए वे अपराध करते हैं बच्चों में बढ़ती ऑनलाइन गेम की लत से जहां वहां चि?चि? हो रहे हैं वही ज्यादा डांटने धमकाने पर अत्कामक भी हो रहे हैं ऐसी तमाम शिकायतें अभिभावक पुलिस के पास दर्ज नहीं कराते बल्कि उन्हें डराने धमकाने की गुहार लगा रहे हैं।

कोरोना काल के दौरान लॉकडाउन में बच्चों की पढ़ाई पर गहरा असर पड़ा है खाली समय में बच्चों का दोस्त मोबाइल ही बना, बच्चे पूरा समय मोबाइल पर ऑनलाइन गेम खेलते हुए निकाल रहे हैं इसी के चलते बच्चों को ऑनलाइन गेम खेलने की लत लग गई। वही स्कूल शुरू होने के बाद बच्चों की ऑनलाइन पढ़ाई शुरू कराई गई है ऑनलाइन पढ़ाई के लिए बच्चों को अभिभावकों ने मोबाइल भी दिलाए हैं जिससे वो कक्षा के बाद मोबाइल पर गेम खेलते हैं अभिभावक गेम को लेकर परेशान हैं। जिनके बच्चे या कोई भी बच्चा इसे लेकर यदि कोई वारदात कर भी देता है तो उसकी शिकायत पुलिस तक नहीं जाती कुछ मामले पुलिस के पास पहुंचते भी हैं तो वे इसे चर्चा कर सुलझाने का प्रयास करते हैं ताकि किसी भी तरह का अपराध मासूमों पर पंजीबद्ध ना हो हालांकि कई बार पुलिस सख्ती दिखा कर बच्चों को सही रास्ते पर लाने का प्रयास करती है।

लेकिन कई मामलों में अभिभावक शिकायत करते हैं कि उनके बच्चों को लॉकडाउन में ऑनलाइन गेम खेलने की लत पड़ गई है ऑनलाइन गेम खेलने के लिए उनके कदम अपराध की तरफ बढ़ रहे हैं बच्चे ऑनलाइन गेम खेलने में लगने वाले शुल्क के लिए एटीएम कार्ड चोरी कर खाते से रकम निकाल रहे हैं। पुलिस के पास ऐसी तमाम शिकायतें कई बच्चों के अभिभावकों ने की पर शिकायत करने के बाद अभिभावक बच्चों पर कार्यवाही करने की बात पर अपने कदम पीछे हटा लेते हैं सिर्फ बच्चों को डराने की फरियाद पुलिस से करते हैं।

### कैसे लगता है ऑनलाइन गेम मैं शुल्क

जब कुछ बच्चों से ऑनलाइन गेम खेलने के बारे में पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि कई गेम ऐसे हैं जिन्हें प्ले स्टोर से डाउनलोड करने से पहले ही शुल्क जमा करना पड़ता है वहीं कुछ गेम में एक या दो स्टेज फ्री हैं अगली स्टेज खेलने के लिए पैसा जमा करना पड़ता है।जैसे गन, बंदूक, तोप और कारतूस खरीदने के लिए शुल्क जमा करना पड़ता है साथ ही कुछ गेम खेलने के लिए टॉपअप भी कराना पड़ता है।

# मास्क नहीं पहनने वाले लोगों पर होगी चालानी कार्यवाही

कटनी। कोविड-19 कोरोना संक्रमण के प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुये बिना मास्क के लोगों पर चालान की कार्यवाही किये जाने के लिये अनुविभागीय अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट कटनी बलबीर रमन ने कार्यपालिक मजिस्ट्रेट्स की ड्यूटी लगाई है। इस संबंध में जारी आदेश के तहत कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत तहसीलदार कटनी नगर संदीप श्रीवास्तव को ड्यूटी पर लगाया गया है। वहीं माधवनगर थाना क्षेत्र में तहसीलदार मुनौव्वर खान, थाना क्षत्र कुठला के लिये नायब तहसीलदार रवीन्द्र पटैल और थाना एनकेजे क्षेत्र के लिये नायब तहसीलदार राजीव मिश्रा की ड्यूटी लगाई गई है।

# टोकन के नाम पर चल रही यातायात पुलिस

**शहडोल।** प्राप्त जानकारी के अनुसार यातायात पुलिस कागज के टोकन नंबर देकर वसूली कर रही है जनता हर तरफ से परेशान है किंतु ट्राफिक पुलिस को इस से कोई लेना देना नहीं है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहडोल ट्राफिक पुलिस का ऑफलाइन वसूली अभियान जारी है यातायात पुलिस लोगों को कागज में टोकन नंबर लिख कर देते हैं और वाहन चालकों को पैसा देना पड़ता है प्रत्येक दिन कई सैकड़ों वाहन शहडोल संभाग मुख्यालय से आना-जाना करते हैं जिन्हें बिना एंट्री के आगे नहीं बढ़ने दिया जाता जन चर्चा यह भी है कि विभागीय कर्मी बिना रसीद दिए मालवाहक वाहन चालकों से सरेआम कागज के टोकन नंबर लिख कर वसूली कर अपना जेब भर रहे हैंद्य बाणगंगा रोड, जमुआ के आसपास सहित अन्य जगहों पर वाहनों की चेकिंग करने वाले सफेद वर्दीधारी जवान के द्वारा बकायदा वाहन चालकों को भारी रकम लेकर बिना रसीद दिए छोड़ किया जाता है रसीद की मांग करने पर उन्हें और अधिक जुर्माना लगाने की बात भी कही जाती है जिसके कारण चेकिंग के दौरान कई लोगों से यातायात कर्मी की वह सब ऐसी भी हो चुकी है मगर लोगों के विरोध के बावजूद इस यातायात का खुलेआम वसूली अभियान कम जेल भरो अभियान चलता रहता है बताया जाता है कि चेकिंग के नाम पर विभाग के ही कर्मचारी वसूली करके विभाग को ही चुना लगा रहे हैं तो ऐसे में पुलिस का ही और चित्र क्या रह जाता है यह सब कुछ तीन-चार वर्षों से संभाग मुख्यालय में आए साहब के आदेश पर यातायात कर्मी कर रहे हैं यातायात के जिम्मेदार यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित रूप से संचालित करने में कोई नहीं रहता यातायात विभाग जहां-तहां शहर में खड़े होने के साथ-साथ बल्कर से भी सेटिंग में लगा रहता हैद्य बताया जाता है कि संभाग मुख्यालय के अनेक चौराहों पर यातायात पुलिस की व्यवस्था नहीं दिखाई देती सूत्रों की मानें तो यातायात विभाग के जिम्मेदार को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आम जनता कितनी परेशान हो रही है साथ ही उनकी कार्यकुशलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि शहर की यातायात व्यवस्था चरमरा गई है जहां-तहां लोग वाहन खड़ा करके चल देते हैं और आम जनमानस को परेशानियों से दो-चार होना पड़ रहा हैद्य चर्चाओं के मुताबिक भले ही जिला मुख्यालय में यातायात प्रभारी की पदस्थापना की गई है लेकिन सब कुछ इसी विभाग के कथित साहब के इशारे पर चलता है।

# आईसीआईसीआई ने की एनपीसीआई के साथ साझेदारी

**मुंबई।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने अपने ग्राहकों को यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस ;यूपीआईद्ध ऑटो.पे सुविधा प्रदान करने के लिए नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया ;एनपीसीआईद्ध के साथ करार किया है। इससे ग्राहकों को अब घर बैठे.बैठे ही बीमा पॉलिसियां खरीदने और प्रीमियम का भुगतान करने की सुविधा मिलेगी।

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ अपने ग्राहकों को यूपीआई ऑटो.पे सुविधा प्रदान करने वाली पहली जीवन बीमा कंपनी बन गई है।जीवन बीमा पॉलिसी खरीदते समय ग्राहक अपने बैंक खातों को यूपीआई ऑटो.पे से लिंक कर सकते हैं और उसके बाद आसानी से प्रीमियम का भुगतान कर सकते हैं। यूपीआई ऑटो.पे ई.मैंडेट को ग्राहकों द्वारा स्वयं अपने स्मार्टफोन का उपयोग करके कागज रहित प्रारूप में नियमित नवीनीकरण प्रीमियम भुगतान करने के लिए एक्टिवेट किया जा सकता है। साथ हीए यह सुनिश्चित करता है कि प्रीमियम भुगतान समय पर हो और ग्राहक बिना किसी रुकावट के अपनी पॉलिसी का लाभ उठा सकें।कोविड .19 से उत्पन्न सुरक्षा मुद्दों को देखते हुए कंपनी ग्राहकों को सशक्त बनाने के लिए नियमित रूप से टैक्नोलॉजी का लाभ उठा रही है। यह गठजोड़ कंपनी की डिजिटलाइजेशन यात्रा में एक और कदम है जो ग्राहकों को पूरे पॉलिसी जीवनचक्र में एक परेशानी मुक्त और सहज अनुभव प्रदान करता है।

ग्राहक अपने पसंदीदा यूपीआई ऐप जैसे पेटीएमए बीएचआईएम आदि पर यूपीआई ऑटोपे सुविधा को लागू कर सकते हैं। यह सुविधा आईसीआईसीआई बैंक और अन्य प्रमुख बैंकों के लिए ई.मैंडेट के माध्यम से भी लागू की जा सकती है।

# इस साल पहली बार प्री बुक करे महाबचत ऑफर

**मुंबई।** सबसे पसंदीदा हाइपर मार्केट ब्रांडए बिग बाजार एक बार फ्रि अपने ग्राहकों को अधिकतम मूल्य देने के लिए आया है। भारतीय रिटेल के इतिहास में पहली बारएवे आटाए दाल और चावल के महाबचत ऑफ्र की प्री.बुकिंग कर सकते हैं। प्री.बुकिंग किसी भी बिग बाजार स्टोर पर या ऑनलाइन बिग बाजार ऐप और शॉपिंगबिगबाजारण्कॉम पर 31 जुलाई से 8 अगस्त तक की जा सकती है।प्री.बुकिंग परए ग्राहक को 3000 रुपए का जीवी मिलेगाए जिसका उपयोग वे महाबचत के दौरान खरीदारी करने के लिए कर सकते हैं और 5 किलो आटाए 1 किलो दाल और 1 किलो चावल मुफ्त के ऑफ्र का दावा कर सकते हैं। तो इस साल 9 से 15 अगस्त के बीचए यह बचत पे बचत होगी जहां हमारे ग्राहक इस मेगा ऑफ्र और अतिरिक्त बैंक छूट के साथ.साथ खाद्यए फैशनए होम और इलेक्ट्रॉनिक्स में सभी सबसे बड़े सौदों और ऑफ़र का लाभ उठा सकते हैं। सही मायने मेंए यह सेल इंतजार करने लायक है।ष्महाबचतष् साल के सबसे पसंदीदा और प्रतीक्षित सेल में से एक है। बिग बाजार में हमारा उद्देश्य हमेशा अपने सदस्य परिवार को अधिकतम मूल्य देना है। इस बार हमारे पास आटाए दाल और चावल का बहुत मजबूत ऑफ्र हैं जो हर घर में जरूरी हैए इसिलिये हम अपने ग्राहकों को इसे पहले से बुक करने का मौका देना चाहते थे। प्रत्येक क्षेत्र के लिए हम आटाए दाल और चावल के उनके पसंदीदा प्रकार देंगे। श् पवन सारदाए सीईएमओ . डिजिटलए मार्केटिंग और ई.कॉमर्सए फ्यूचर ग्रुप ने कहा।

### बिग बाजार के बारे में

बिग बाजार फ्यूचर ग्रुप की प्रमुख हाइपर मार्केट रिटेल चेन है और देश भर के 150 से अधिक शहरों में मौजूद है।यह समूह बिग बाजार जेननेक्स्ट का भी संचालन करता है जो इंटरेक्टिव डिजिटल स्क्रीनए सिट.डाउन चेक आउट और स्मार्ट ग्राहक सेवा जैसे उपयोगी तरीका के साथ बेहतर खरीदारी अनुभवों को एकीकृत करता है। बिग बाजार ने देशके सभी स्टोरों पर दैनिक उपयोग की 1500 से अधिक वस्तुओं की कीमतों में भारी गिराव के साथ श्हर दिन सब से कम कीमतश् देने का वादा किया है। यह होम डिलीवरीए फ़ास्ट बिलिंग और अन्य के बीच आटा पीसने जैसी कई मूल्य वर्धित सेवाएं भी प्रदान करता है।

## सूचना

यशभारत समाचार पत्र में प्रकाशित हाने वाले विविध विज्ञापनों के लेखों की जांच पड़ताल करने के बाद ही पाठक इस संबंध में आर्थिक व्यवहार करें, विज्ञापन में अपने उत्पादन के संदर्भ में या सेवा के संदर्भ में विज्ञापनदाता जो दावे पेश करते हैं, उनकी जवाबदारी, यशभारत समाचार पत्र नहीं देता, विज्ञापन में किये गये दावों की पूर्ति अगर विज्ञापनदाताओं द्वारा नहीं की जाती है तो उसके परिणाम के लिए यशभारत समाचार पत्र जिम्मेदार नहीं रहेगा।

# एक दिन में तीन मैच जीतने वाले रवि दहिया ने निभाया वादा

नई दिल्ली। सोनीपत के गांव नाहरी के पहलवान रवि दहिया ने पिता से किया वादा निभाते हुए ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन कर देश के लिए पदक पक्का कर लिया। रवि दहिया ने बुधवार को देशवासियों को झूमने का दोहरा अवसर प्रदान किया। रवि ने सुबह प्री क्वार्टर फाइनल में कोलंबिया के ऑस्कर एडुआर्डो डिग्रेरोस को 13-2 से व क्वार्टर फाइनल में बुल्गारिया के जियोर्जी वेलेंटिनोव वांगेलोव को 14-4 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

वहीं दोपहर बाद हुए सेमीफाइनल मुकाबले में कजाकिस्तान के पहलवान नुरीस्लाम सनायेव को हराकर फाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल में पिछड़ने के बाद रवि ने जोरदार वापसी की और पदक पक्का किया। हार से बौखलाए कजाकिस्तान के पहलवान ने रवि की बाजू पर भी काट लिया था। रवि दहिया की जीत से परिजन और ग्रामीण खुशी से झूम उठे। गांव में लोगों ने दिवाली जैसा जश्न मनाया। आतिशबाजी भी की गई। इस दौरान लोगों ने एक-दूसरे का मुंह भी मीठा करवाया।

### परिजनों से किया था वादा, ऐसा खेल दिखाऊंगा कि सभी दंग रह जाएंगे

टोक्यो ओलंपिक में फ्री-स्टाइल कुश्ती के लिए 57 किलोग्राम भारवर्ग में गांव नाहरी के रवि से देश को सफल प्रदर्शन की उम्मीद है। रवि ने ओलंपिक मैच से पहले परिजनों से वादा किया था कि ऐसा खेल दिखाऊंगा कि सभी दंग रह जाएंगे। रवि ने वादे को पूरा कर फाइनल तक का सफर तय किया। परिजनों को पूरी उम्मीद है कि रवि देश की झोली में स्वर्ण पदक जरूर डालेगा।

### जमीन पट्टे पर लेकर खेती करते हैं पिता राकेश दहिया

12 दिसंबर 1997 को सोनीपत जिले के नाहरी गांव में जन्मे रवि दहिया के पिता राकेश दहिया छोटी जोत के किसान हैं। वह पट्टे पर लेकर खेती करते हैं। वह स्वयं भी पहलवानी करते थे लेकिन आर्थिक स्थिति मजबूत न होने के कारण कुश्ती में आगे नहीं बढ़ सके। उन्होंने बेटे को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमकने का अवसर दिया है।





### ऐ से बढ़ा रवि का सफर

नाहरी के मूल निवासी रवि को गांव के संत हंसराज पहलवानी के लिए लेकर गए। गांव में ही उन्होंने रवि को अखाड़े में कुश्ती के दांव-पेच सिखाने शुरू किए। कुश्ती में रवि का मन ऐसा लगा कि उसने कुश्ती के दांव-पेच सीखने के लिए पूरी जी-जान लगा दी। कुश्ती के गुर सीखने के साथ ही वह खेत में काम कर रहे किसान पिता का हाथ भी बंटाते थे। कुश्ती के प्रति जुनून देख 10 वर्ष की आयु में ही रवि को छत्रसाल स्टेडियम भेजा गया, जहां वे दिनप्रतिदिन निखरते चले गए। वर्ष 2017 में घुटने की चोट के कारण सीनियर नेशनल गेम्स में सेमीफाइनल तक पहुंचकर भी उन्हें प्रतियोगिता से बाहर होना पड़ा था। हालांकि कुछ समय उपरांत फिट होकर दोबारा अभ्यास शुरू कर दिया।

### रवि की उपलब्धियां

वर्ष 2013 अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में रजत पदक जीता

वर्ष 2014 में जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में रजत पदक जीता

वर्ष 2015 में जूनियर विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीता

वर्ष 2017 में हुई सीनियर नेशनल गेम्स में शानदार प्रदर्शन कर सेमीफाइनल में पहुंचे लेकिन चोट के कारण उन्हें बाहर होना पड़ा

वर्ष 2018 में विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में रजत पदक जीता

वर्ष 2019 में विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता

वर्ष 2019 व 2020 में लगातार दो बार एशियन चैंपियन रहे




जब रवि को दूसरे पहलवान ने हार से बचने के लिए काटा



# चक्क दित्ते फट्टे- बेटों की जीत पर पंजाब-हरियाणा में दिवाली सा जश्न, कहीं हॉकी लहराई कहीं घेवर बंटा



नई दिल्ली। भारतीय हॉकी टीम ने 41 साल बाद वो करिश्मा कर दिखाया जिसका इंतजार हर भारतीय को था। हालांकि ये इंतजार पंजाब और हरियाणा में ज्यादा था क्योंकि टीम में इन प्रदेशों का ही दबदबा है। गुरुवार सुबह जैसे ही टीम ने जर्मनी को मात दी, दोनों प्रदेशों में जश्न शुरू हो गया। मैच में शुरुआत में पिछड़ने के बाद भारत ने जोरदार वापसी की और जर्मनी के खिलाफ मैच को 5-4 से जीत लिया। इससे पहले आखिरी बार हॉकी में टीम इंडिया ने 1980 में ओलंपिक मेडल जीता था। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन से गदगद पंजाब के खेल मंत्री राणा सोढी ने एलान किया है कि उनकी सरकार

### पीएम मोदी का ट्वीट- प्रफुल्लित भारत! प्रेरित भारत!

पदक विजेता हॉकी टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को एक-एक करोड़ रुपये देगी। जीत के बाद कहीं मिठाइयां बंटी तो कहीं ढोल बजने लगा। कप्तान मनप्रीत की मां तो हॉकी लहराते हुए घर से बाहर ही निकल आईं। वहीं फरीदकोट के ड्रैग फ्लिकर रुपिंदर पाल सिंह की मां की आंखों से खुशी के आंसू बह निकले। मैच में गोल दागने वाले पंजाब के रुपिंदर पाल सिंह के माता-पिता ने टीम की जीत पर वाहेगुरु का शुकराना अदा किया। अनुभवी ड्रैग फ्लिकर रुपिंदर पाल सिंह मूल रूप से फरीदकोट के बाबा फरीद एवेन्यू के रहने वाले हैं। रुपिंदर के बेहतरीन प्रदर्शन से उनके परिवार व रिश्तेदारों के साथ खेल प्रेमियों में खुशी है। रुपिंदर पाल सिंह के पिता हरिंदर सिंह ने कहा कि वाहेगुरु ने ये बेहतरीन पल दिखाया है। उनकी मां सुखविंदर कौर को पूरा यकीन था कि रुपिंदर व उनके टीम के साथी सर्वश्रेष्ठ खेल का प्रदर्शन करेंगे। मां इसके लिए दिन-रात दुआएं मांग रहीं थीं ।हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह जालंधर के गांव मिट्ठापुर के रहने वाले हैं। गुरुवार को टीम की जीत के साथ ही ग्रामीणों ने जमकर जश्न मनाया। मनप्रीत सिंह की मां मंजीत कौर बेटे की सफलता से गदगद हैं। मंजीत कौर ने बताया कि मुझे अपने बेटे पर गर्व है। यह पल मेरे लिए यादगारी लम्हे की तरह रहेगा। वे हॉकी लेकर घर से बाहर निकलीं और ढोल की थाप पर बेटे की सफलता की खुशी मनाई ।सोनीपत के गांव कुराड़ के प्रतिभाशाली हॉकी खिलाड़ी सुमित के भाई अमित ने बताया कि उनकी मां दर्शना देवी का निधन छह माह पहले हो गया था। सबसे छोटा होने के कारण सुमित मां का सबसे अधिक लाडला रहा। वह भी मां पर जान छिड़कता था। मां की मौत के बाद वह काफी आहत हो गया था। वह मां की फोटो लगी लॉकेट को हमेशा अपने गले में रखता है। उसने मां की कानों की बालियों से लॉकेट बनवाया था। उसी लॉकेट को वह मां का आशीर्वाद मानता है। बेटे की जीत पर परिवार ने घेवर बांटकर खुशी मनाई ।जालंधर के खुसरोपुर के रहने वाले भारतीय हॉकी टीम के स्टार मिडफील्डर हार्दिक सिंह का कमाल गुरुवार को भी दिखा। टीम इंडिया की जीत के बाद से हार्दिक के घर में खुशी का माहौल है। गांव के लोगों के अलावा रिश्तेदार और दोस्त परिवार को बधाइयां दे रहे हैं।

# हरियाणा के गृहमंत्री विज ने अंबाला में टी प्वाइंट पर लोगों के साथ देखा हॉकी मैच, बोले-चक दे इंडिया

नई दिल्ली। अंबाला। मैच जीतने पर हरियाणा के गृहमंत्री ने भारतीय पुरुष हॉकी टीम को बधाई दी। गृहमंत्री अनिल विज हर रोज की तरह अंबाला के टी प्वाइंट पर पहुंचे। यहां लोगों के बीच बैठकर भारतीय टीम का मैच देखा। मैच जीतने पर विज पूरे जोश के साथ चक दे इंडिया कहकर खुशी जाहिर करने लगे ।हरियाणा के गृहमंत्री अनिल विज ने ट्वीट करके कहा कि भारत ने पुरुष हॉकी मुकाबले में जर्मनी को हराकर ब्राउंज जीता। हॉकी की टीम को बधाई सारे देशवासियों को बधाई झूम झूम कर नाचें झूम झूम कर गाएं। उन्होंने भारतीय हॉकी टीम की इस जीत पर अपने ही अंदाज में अंबाला में अपने टी प?वाइंट पर चक दे इंडिया और भारत माता की जय के नारे भी लगाए ।गृह मंत्री अनिल विज ने आज पूरा मैच अपने दिनचर्या को कायम रखते हुए टी प?वाइंट पर देखा और जैसे ही भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने जीत हासिल की तुरंत विज ने चक दे इंडिया और भारत माता की जयघोष किया। विज ने कहा कि भारत ने आखिरकार कर दिखाया। उन्होंने कहा कि यह ठीक है की गोल्ड मेडल न मिलने की कसक है लेकिन ब्राउंज मेडल लेकर 135 करोड़ देशवासियों का सिर भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने ऊंचा कर दिया है। विज ने कहा कि आज हर देशवासी झूम रहा है, नाच रहा है, गा रहा है, इतनी बड़ी उपलब्धि इतने वर्षों बाद भारत को मिली है। विज ने कहा कि हमारे बाकी खिलाड़ी भी आगे बढ़ रहे हैं और मुझे पूरा विश्वास है कि वह देश का नाम रोशन करेंगे। अनिल विज ने कहा, खिलाड़ियों की सुविधाओं का ध?यान रखा जा रहा है। आगे भी खिलाड़ी देश का गौरव बढ़ाते रहेंगे। सरकार हमेशा उनके साथ है।



# बॉलीवुड ने दी पुरुष हॉकी टीम को जीत की बधाई, दोबारा इतिहास लिखने के लिए शुक्रिया



नई दिल्ली। आज सुबह टोक्यो ओलिंपिक्स से भारत के लिए ऐसी खबर आई जिसने पूरे देश में जश्न का महौल बना दिया है। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने जर्मनी को 5-4 से हराकर कांस्य पदक अपने नाम कर लिया है। टोक्यो में जारी ओलिंपिक खेलों में ये भारत का चौथा पदक है। भारत ने 1980 के बाद हॉकी के खेल में ओलिंपिक में पदक जीतने में सफलता प्राप्त की है। 41 साल हॉकी में हासिल की इस जीत को लेकर हर देशवासी बहुत खुश हैं। हर तरफ से पुरुष हॉकी टीम को बधाईयां दी जा रही हैं। कई फिल्म स्टार्स ने भी इस एतिहासिक जीत के लिए टीम इंडिया को बधाई दी है और इस पर गर्व जताया है।

शाहरुख खान, अक्षय कुमार, तापसी पन्नू समेत कई सेलेब्स ने अपने ट्विटर हैंडल पर हॉकी टीम को जीत की बधाई दी है। किंग ख़ान ने ट्वीट करते हुए लिखा, 'Wowww!!!! मुबारक भारतीय पुरुष हॉकी टीम। क्या एक्साइटिंग मैच था'।

अक्षय कुमार ने ट्वीट करते हुए लिखा, 'दोबारा इतिहास लिखने के लिए शुक्रिया टीम इंडिया। 41 साल बाद ओलंपिक मेडल। क्या मैच था... क्या जबरदस्त वापसी'।

तापसी पन्नू ने ट्वीट करते हुए लिखा, 'और ये कांस्य....'

बॉलीवुड एक्ट्रेस सय्यामी खेर ने लिखा, 'कुछ जज़्बातों को बताया नहीं जा सकता। ये अविश्वसनीय है... बधाई मनप्रीत और उनके लड़कों'।

आपको बता दें कि भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने जर्मनी जैसी दिग्गज टीम के खिलाफ कांस्य पदक के लिए लड़ाई लड़ी। दोनों टीमों को सेमीफाइनल में हार मिली थी और इस तरह भारत और जर्मनी के पास कांस्य पदक जीतने का मौका था, क्योंकि दोनों टीमें गोल्ड और सिल्वर मेडल की रेस से बाहर चुकी थीं। इस मौके को भारतीय टीम ने भुनाया और जर्मनी को 5-4 से रोमांचक मैच में मात देकर कांस्य पदक अपने नाम किया।



# रेसलिंग में भारत को झटका, दुनिया की नंबर 1 पहलवान विनेश क्वार्टर फाइनल में हारीं

नई दिल्ली। भारत को रेसलिंग में झटका लगा है। दुनिया की नंबर 1 पहलवान भारत की विनेश फोगाट महिलाओं के 53 किग्रा भार वर्ग के क्वार्टर फाइनल में हार गईं। विनेश को बेलारूस की पहलवान वैनेसा कलाडजिंस्काया ने शिकस्त दी। इस हार के बाद विनेश पदक जीतने की रेस में बनी हुई हैं। अब उन्हें रेपचेज मुकाबले का इंतजार करना होगा। लेकिन विनेश का हारना भारत की बड़ी हार है। भारत की तरफ से पदक की प्रबल दावेदार विनेश फोगाट 53 किग्रा भार वर्ग के पहले दौर में रियो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली स्वीडन की सोफिया मैटसन को हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। विनेश के पास अब भी पदक जीतने का मौका है। अगर वेलारूस की पहलवान वानेसा फाइनल में पहुंचती हैं तो विनेश को रेपचेज में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। इससे पहले विनेश ने अपने पहले मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया। भारत की इस 26 वर्षीया पहलवान ने स्वीडन की खिलाड़ी सोफिया को 7-1 से शिकस्त दी। विनेश ने साल 2019 में विश्व चैंपियनशिप के दौरान भी मैटसन को पटखनी दी थी। मैच के दौरान मैटसन ने जब कभी विनेश के दाएं पैर पर हमला किया तो भारतीय पहलवान ने पलटवार करते हुए पॉइंट अर्जित किए। विनेश फोगाट ने पूरे मुकाबले के दौरान जोश और जज्बा बरकरार रखते हुए अपने प्रतिद्वंदी को चित करने का मौका भी बनाया। वहीं भारत की एक अन्य पहलवान अंशु मलिक को 57 किग्रा भार वर्ग में रियो ओलंपिक की रजत पदक विजेता वेलेरिया कोब्लोवा ने रेपचेज मुकाबले में 5-1 से हराया। इस हार के बाद अंशु पदक की रेस से बाहर हो गईं।





# ओलंपिक में भारत का सफर- इस बार चार पदक जीते, पांचवां भी पक्का लंदन ओलंपिक का रिकॉर्ड टूट सकता है

जापान की राजधानी टोक्यो में खेले जा रहे ओलंपिक गेम्स अपने आखिरी चरणों में पहुंच चुके हैं। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले उम्मीद जताई जा रही थी कि भारत इस बार ओलंपिक इतिहास में सबसे बेहतर प्रदर्शन करेगा। काफी हद तक ऐसा हुआ भी। मेरीकॉम और अमित पंघाल जैसे कई बड़े खिलाड़ियों के बाहर होने के बाद भी भारत कुछ पदक जीतने की दौड़ में है।ओलंपिक इतिहास की बात करें, तो भारत के नाम अब तक कुल 28 पदक हैं। इनमें नौ स्वर्ण, सात रजत और 12 कांस्य पदक शामिल हैं। सबसे ज्यादा आठ स्वर्ण पदक भारत की हॉकी टीम ने जीते हैं। देश के नाम सिर्फ एक व्यक्तिगत स्पर्धा में गोल्ड है, जो अभिनव बिंद्रा ने 2008 के बीजिंग ओलंपिक के दौरान शूटिंग में जीता था। सबसे बेहतरीन ओलंपिक अभियान की बात करें, तो 2012 में लंदन में खेले गए टूर्नामेंट में भारत के नाम कुल छह पदक थे। इस बार भारत अब तक 4 पदक जीत चुका है और कुश्ती में एक पदक पक्का कर चुका है। ऐसे में भारत लंदन के रिकॉर्ड को तोड़ सकता है। हालांकि, इसके लिए भारत को बचे हुए मेडल मुकाबलों में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन करना होगा।



## नगर निगम के कार्यों की ये है तस्वीर

**जबलपुर।** कहते हैं तस्वीर सब कुछ बोलती है, सच और झूठ से पर्दा उठा देती है। एक ऐसी ही तस्वीर क्लिक की गई गोलबाजार क्षेत्र की। तस्वीर में साफ दिख रहा है कि नगर निगम का अमला शहर में किस तरह से सफाई व्यवस्था और आवारा सुअरों को पकड़ने के लिए काम कर रहा है। गंदगी से बजबजा रहा गोलबाजार क्षेत्र जहां पर सुअरों का साम्राज्य है। इसकी वजह से स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# 2 पत्नी, परिवार का खर्च उठाने बनाई थी चोर गैंग

## 21 लाख रूपए के सोने-चाँदी के जेवरात सहित 8 चोरी का माल रखने वाले चढ़े पुलिस के हत्थे

**जबलपुर, यश भारत।** दो पत्नी और परिवार का खर्च उठाने के लिए एक साथी ने अपने दो दोस्तों को मिलाकर चोरों की गैंग बनाई और पान मसाला कारोबारी के घर का ताला तोड़कर लाखों रुपये के जेवरात और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। तीन दोस्तों की यह गैंग लगातार शहर के लेकर गांव तक वारदात को अंजाम देती रही और इनका पूरा साथ परिवार का था, वह चोरी का जो माल लाते थे वह घरवालों को देकर फरार हो जाते थे। इतना ही नहीं पुलिस को भ्रमित करने के लिए आरोपी स्थान बदल-बदल कर रहते थे। लेकिन थाना कोतवाली अंतर्गत हुई चोरी की घटना के बाद क्राइम ब्रांच और पुलिस की गठित टीम ने एक शातिर चोर और चोरी का माल रखने वाले 8 आरोपियों को दबोचकर सोने-चाँदी के 21 लाख रुपए के जेवरात जब्त किए। मुख्य आरोपी प्रेमनाथ उर्फ पप्पू मल्लाह ने शहरभर में चोरियां कर, अपनी पत्नी और दोस्त के यहां सोना और चांदी छुपाकर रखा था और फरार हो गया। लेकिन जब पुलिस ने परिजनों से सख्ती से पूछताछ की तो पूरी कहानी से पर्दा उठ गया। प्रेमनाथ के साथ संजय और दुर्गेश फरार है, जिनकी पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है।

थाना कोतवाली में अखिलेश अग्रवाल उम्र 50 वर्ष निवासी गोपाल विहार कोतवाली ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि वह मुकादमगंज में किराना दुकान का संचालन करता है। जब वह गोपाल सदन स्थित अपने घर पर ताला लगाकर अपने परिवार के साथ बहनोई के घर इलाहाबाद गया था, जहॉ 2 दिन रूकने के बाद 22 जुलाई 2021 को घर वापस आया तो मकान का मेन दरवाजे का ताला टूटा था। अंदर जाकर देखा तो घर के दोनों बेडरूम एवं अन्य कमरों के भी दरवाजों के ताले टूटे हुये थे। आलमारियों एंव सेफ ों के ताले टूटे हुये थे। उनमें रखे जेवरात गायब थे। जिसके बाद पुलिस और क्राइम ब्रांच की गठित टीम लगातार मामले की छानबीन करती रही और इसी दौरान पुलिस ने 1 शातिर चोर एवं 8 चोरी का माल रखने वालों को गिरफ्तार कर नगदी सहित चुराये हुये सोने-चांदी के जेवर कीमती 21 लाख रूपये के जब्त कर लिये।





**मुख्य आरोपी सहित तीन फरार, सरगर्मी से तलाश जारी**

### पुलिस को भ्रमित करने, बदल लेते से स्थान

पड़ताल के दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर प्रेमनाथ उर्फ पप्पू मल्लाह जो की मूलत- ग्राम दलपतपुर थाना भेड़ाघाट जिला जबलपुर का रहने वाला है एवं संजय शर्मा उर्फ गोलू ग्राम अंधुआ थाना पनागर जिला जबलपुर एवं दुर्गेश पटेल शिवनगर के रहने वाले हैं जो स्थान बदल-बदल कर रहते है, कीं तलाश सरगर्मी से की गई जो नही मिले, सकूनत से फरार पाये जाने पर परिजनों से चोरी के संबंध मे सघन पूछताछ की गई जिसमे पाया गया कि फरार आरोपी प्रेमनाथ द्वारा अपने बेटे मोहित मल्लाह, पत्नी बसंती मल्लाह, व दूसरी पत्नी दीक्षा मल्लाह, दामाद चंदन मल्लाह को तथा संजय शर्मा उर्फ गोलू के द्वारा अपने पिता संतोष शर्मा व भाई संदीप शर्मा को व दुर्गेश पटेल के द्वारा अपनी पत्नी सुष्मिता पटेल एवं रोहित मल्लाह, सुरेन्द्र मल्लाह को चोरी किये गये सोने चाँदी के जेवरात तथा नगदी रूपये अलग-अलग प्रकार से घर में छिपाकर रखने हेतु दिये जाकर फ रार हो गये है।

### 19 तोला सोना, चांदी के 5 किलो के जेवरात

पुलिस ने बताया कि प्रेमनाथ मल्लाह एवं पिता के दोस्त संजय शर्मा उर्फ गोलू एवं दुर्गश पटेल के साथ मिलकर चोरी करने वाले बेटे मोहित मल्लाह एवं पत्नि बसंती मल्लाह, व दूसरी पत्नी दीक्षा मल्लाह, दामाद चंदन मल्लाह, तथा संतोष शर्मा, संदीप शर्मा, सुष्मिता पटेल, रोहित मल्लाह, सुरेन्द्र मल्लाह को अभिरक्षा में लेकर सघन पूछताछ करते हुये नगद 8 लाख 85 हजार रूपये सोने के 19 तोला वजनी एवं चांदी के 5 किलो 460 ग्राम वजनी 21 लाख रूपए व 3 रॉड, 2 कटर, 4 पेचकस, 2 पिंचिस, 1 आरी जब्त करते हुए फ रार शातिर आरोपी प्रेमनाथ उर्फ पप्पू मल्लाह एवं संजय शर्मा तथा दुर्गेश पटेल की तलाश जारी है।

### ये हुए गिरफ्तार

(1) मोहित उर्फ विवेक मल्लाह पिता पप्पू उर्फ प्रिंस मल्लाह उम्र 23 साल निवासी दलपतपुर थाना भेड़ाघाट
(2) रोहित उर्फ अंगत मल्लाह पिता राजू मल्लाह उम्र 22 साल निवासा दलपतपुर थाना भेडाघाट
(3) सुरेन्द्र मल्लाह पिता संतोष मल्लाह उम्र 32 साल निवासी बजरंग बली मंदिर के पास कैथरा मोहल्ला थाना शहपुरा
(4) चंदन मल्लाह पिता मुन्ना लाल मल्लाह उम्र 21 साल निवासी ग्राम बिलपठार थाना शहपुरा
(5) संतोष शर्मा पिता स्व. रघुनंदन प्रसाद शर्मा उम्र 55 साल निवासी ग्राम अंधुआ थाना पनागर
(6) संदीप शर्मा पिता संतोष शर्मा उम्र 26 साल, निवासी पडाव काली मंदिर के पास थाना लार्डगंज
(7) सुष्मिता पटेल पति दुर्गेश पटेल उम्र 24 साल निवासी म.न. 2889 चेरीताल वार्ड शिवनगर थाना कोतवाली
(8) दीक्षा मल्लाह पति प्रेमनाथ उर्फ पप्पू मल्लाह उम्र 26 साल निवासी कमल भवन के सामने थाना कोतवाली
(9) बसंती मल्लाह पति प्रेमनाथ उर्फ पप्पू मल्लाह उम्र 40 साल निवासी ग्राम दलपतपुर थाना भेड़ाघाट

### ये हैं फरार

(1) प्रेमनाथ उर्फ पप्पू मल्लाह उर्फ प्रिंस पिता कुंजी लाल मल्लाह उम्र 42 साल निवासी ग्राम दलपतपुर थाना भेड़ाघाट
(2) संजय शर्मा उर्फ गोलू पिता संतोष कुमार शर्मा निवासी ग्राम अंधुआ थाना पनागर
(3) दुर्गेश पटेल पिता मोहन लाल पटेल उम्र 32 साल निवासी कमल बारात घर के सामने थाना कोतवाली

**फर्जी पत्रकारों पर 7वीं एफआईआर**

# मुझे संतोष जैन कहते हैं नाम सुना होगा

**जबलपुर, यशभारत।** फर्जी पत्रकारों ने शहर में किस तरह से आतंक मचाकर रखा था इसका खुलासा परत दर परत हो रहा है। संजीवनी थाने में फर्जी पत्रकारों के खिलाफ एक ओर एफआईआर दर्ज की गई है। राशन दुकान संचालक ने थाने में शिकायत करते हुए वाइस रिकार्डिंग सौंपी जिसमें फर्जी पत्रकार संतोष जैन यह कहते नजर आ रहा है कि वह संतोष जैन है, नाम तो सुना होगा। संजीवनी नगर पुलिस के अनुसार तकिया मोहल्ला वीरेंद्रपुरी वार्ड निवासी दीपक जायसवाल परसवाड़ा स्थित राशन दुकान का संचालन करते हैं। दुकान उसके मित्र अजय अवस्थी की पत्नी प्रीति अवस्थी के नाम पर आवंटित है। 24 जनवरी को उसकी दुकान में देर रात राशन अनलोड हुआ। कर्मचारी इसका इंट्री नहीं कर पाया। तभी वहां ब्लैकमेलर गैंग ने दस्तक दी। दुकान के अंदर अवैध काम होने का आरोप लगाते हुए कर्मी को धमकाने लगे। कर्मी ने संचालक दीपक जायसवाल से बात की।

**संजीवनी नगर थाने में राशन दुकान संचालक ने की शिकायत, झूठे मामले के मांगे थे 1.50 लाख**



### वरिष्ठ पत्रकार को नहीं जानते और भड़क गया संतोष जैन

दीपक जायसवाल ने संजीवनी नगर पुलिस को आरोपियों की वायस रिकॉर्डिंग भी सीडी में पेश की है। ब्लैकमेलर गैंग का सरगना संतोष जैन ने उसे फोन कॉल करते हुए कहा था कि मुझे संतोष जैन कहते हैं, नाम तो सुना होगा। दीपक जायसवाल ने अनभिज्ञता जाहिर की तो भड़क गया, बोला कि वरिष्ठ पत्रकार संतोष जैन बोल रहा हूं। आकर समझ लो, नहीं तो मुश्किल में पड़ जाओगे। पीड़ित दीपक जायसवाल के मुताबिक उसने मित्र अजय अवस्थी को भेजा। आरोपियों ने खबर नहीं चलाने और मामला मैनेज करने का हवाला देते हुए 1.50 लाख रुपए मांगे।

### आरोपियों के खिलाफ अब तक 7 एफआईआर, 15 आरोपी

**मदनमहल में-** शास्त्रीनगर तिलवारा निवासी 28 वर्षीय महिला को निर्वस्त्र कर वीडियो बनाकर वायरल करना और एक लाख की मांग करना।
महिला मैनेजर की मौजूदगी में क्राइम ब्रांच बनकर होटल में रेड करना और 20 हजार रुपए महीने न देने पर हिंदू-मुस्लिम दंगा करा कर आग लगवाने की धमकी देना।
**ग्वारीघाट में-** क्राइम ब्रांच बनकर भीमनगर में किराए से रहने वाले नरसिंहपुर निवासी आशू से धमका कर 36 हजार 500 रुपए ऐंठना।
**माढ़ोताल में-** गढ़ा निवासी अभिषेक दीक्षित को करमेता में 500 वर्गफीट का प्लाट 6.50 लाख रुपए में बेचने का सौदा कराकर पैसे हड़प लेना।
**गढ़ा में-** गढ़ा निवासी अभिषेक दीक्षित को हेल्थ या पुलिस में जॉब दिलाने का झांसा देकर 4 लाख रुपए ऐंठ लेना।गौतम मढ़िया निवासी सिया बाई के मकान में जबरन कब्जा जमाना और एसडीएम कोर्ट के आदेश के बावजूद खाली न करने को लेकर धमकाना।
**संजीवनी नगर में-** तकिया मोहल्ला वीरेंद्रपुरी वार्ड निवासी दीपक जायसवाल के परसवा?ा स्थित राशन दुकान में गड़बड़ी की खबर चलाने की धमकी देकर 1.50 लाख रुपए मांग रहे थे।

## पाटन में 180 बोरी डीएपी खाद चोरी

**जबलपुर, यशभारत।** पाटन के म.प्र. राज्य सहकारी विपणन गुरू पिपारिया गोदाम में चोरों ने धावा बोलते हुए 180 बोरी डीएपी खाद में साफ कर दिया। खाद की कीमत करीब 2 लाख रूपए बताई जा रही है। पुलिस ने शिकायत पर मामले को जांच में लेते हुए अज्ञात चोरों की तालाश शुरू कर दी है।थाना पाटन में राकेश पटेल उम्र 34 वर्ष निवासी हिण्डोरिया दमोह ने लिखित शिकायत की कि वह म.प्र. राज्य सहकारी विपणन संघ के डबल लाक पाटन गुरूपिपरिया मे गोदाम प्रभारी है। म.प्र. सहकारी विपणन संघ मर्यादित भण्डारण केन्द्र पाटन के उर्वरकों का भण्डारण एवं किसानों को वितरण किया जाता है। 30 जुलाई की शाम तक खाद का विक्रय किया गया तथा स्टाक मिलानकर गोदाम बंद किया गया था। 31 जुलाई को उर्वरकों का विक्रय नहीं किया गया केवल गोदाम में उर्वक की बोरियॉ रखी गयी तथा 300 बैग यूरिया आरछा समिति को प्रदाय किये गये इसके बाद गोदाम बंद कर दिया गया था। 1 अगस्त रविवार अवकाश था। 2 अगस्त को गोदाम से किसानों को 247 बोरी डीएपी एवं 940 बोरी यूरिया का विक्रय किया गया। शाम को गार्ड लालजी बर्मन द्वारा डीएपी की गिनती गयी तो जिसमे स्टक में कमी पाई गयी। गार्ड लालजी बर्मन, अजय एवं कुमार तथा लेबर द्वारा स्टाक की गिनती करायी गयी जिन्होने चैक किया एंव बताया कि स्टाक के नीच की ओर 2 बोरियॉ प?ी थी गोदाम की दीवार चैक करने पर दीवार के उपर लगी लोहे की चादर के पेंच खुले मिले, चादर लटकी हुई थी। पूरे स्टॉक का मिलान करने पर पाया गया कि 180 बोरी डीएपी खाद कीमती 2 लाख 16 हजार रुपए के गायब थे। रिपोर्ट पर धारा 457,380 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## पिकअप ने बाइक को टक्कर मारी

### मासूम की मौत, माता -पिता घायल

**जबलपुर, यशभारत।** सर्किट हाऊस नंबर-2 के पास बीती शाम उस समय चीख पुकार शुरू हो गई जब एक पिकअप वाहन ने 6 साल की मासूम को कुचल दिया। सड़क दुर्घटना में मासूम ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने घटना की जानकारी लगते ही नाकेबंदी करते हुए पिकअप वाहन सहित चालक को गिरफ्तार कर लिया। सिविल लाइन उपनिरीक्षक रामप्रसाद तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार की शाम सूचना मिली कि सर्किट हाऊस नंबर-2 के पास एक स?क दुर्घटना हो गई है। मौके पर जाकर देखा तो बाइक सवार दंपत्ति घायल अवस्था में सड़क किनारे पड़े थे वही उनके साथ एक मासूम भी घायल थी। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां मासूम को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि पिकअप वाहन चालक ने लापरवाही से चलाते हुए व्हीएफ जे की तरफ से आ रहे बाइक सवार दंपत्ति को टक्कर मार दी दंपत्ति के साथ मासूम भी इस घटना में घायल हो गई जिसने मौके पर ही दम तोड़ दिया था।







# अब जायका बढ़ाएगा जबलपुर का अनन्नास

## अनन्नास की खेती से कृषकों को होगी अतिरिक्त आय

**जबलपुर, यशभारत। कर्नाटक, केरल, पश्चिम बंगाल, उत्तर पूर्वी भागों, बिहार, गोवा के बाद अब जबलपुर में भी अनन्नास की खेती बड़ी आसानी से हो सकेगी। इसकी एक तकनीकी जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने खोज निकाली है।**

**कृषि विज्ञान केंद्र जबलपुर का अभिनव प्रयास**

संभवत पहली बार ऐसा होगा कि जबलपुर जिले के किसान अनन्नास की खेती करते नजर आएंगे। कृषि विवि ने किसानों की आय दोगुनी के करने के लिए उद्यानिकी मॉडल के अंतर्गत केंद्र में फसल संग्रहालय ने अनन्नास लगाए गए जिनकी तुड़ाई जून माह 2021 में की गई। जिसमें 1 किग्रा से लेकर 1.5 किग्रा फल प्राप्त हुए। इस तकनीक से 18 माह बाद मिलते है फल
कृषि विज्ञान केन्द , जबलपुर की वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ . रश्मि शुक्ला ने जानकारी देते बताया कि केन्द्र की प्रदर्शन इकाई में अनन्नास के पौधे रेज्ड वेड तकनीकी से रोपित किया गया है। इस विधि से गुणवत्ता से पूर्ण फलों की 18 माह बाद प्राप्ति हुई , इस फलवाली फसल के परीक्षण से जो सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुये है इस तकनीक से हमारे अन्नदाता कृषक यदि अनन्नास खेती को अपनाते है तो अतिरिक्त आय का जरिया हो सकती है । इस फल को बाजार में थोक में प्रतिफल अच्छा मूल्य प्राप्त होने से एक लाभकारी उद्यम हो सकता है । अनानास की खेती की अच्छी उपज के लिए रेतीली दोमट भूमि सर्वोत्तम होती है. साथ ही जीवांश युक्त होनी चाहिए।

## देश में अनन्नास की कई किस्में

देश में अनन्नास की अनेक किस्म जैसे केव , जाइट केव , क्वीन , मारीशस , जल्धुप , लखात आदि उपलब्ध है लेकिन केव , जाइंट केव व क्लीन किस्म की हमारे भारतवर्ष में बहुतापन में खेती की जाती है । अनन्नास पोषक तत्वों से पूर्ण फल है इसके 100 ग्राम फल में 50 कैलोरी ऊर्जा रहती है तथा यह कोलेस्ट्राल रहित होता है । इसमें वसा 0.1 ग्राम सोडियम 1 ग्राम , पोटेशियम 10.9 मिली ग्राम , कुल काबोहज़ईड्रेट 13 ग्राम , रेटो -1.4 ग्राम शकज़रा 10 ग्राम , प्रोटीन 0.1 ग्राम के साथ कैल्शियम , विटामिन डी , विटामिन बी -6 , मैग्नीशियम कोवालामिन आदि प्रचुर मात्रा में रहता है । कृषि विज्ञान केन्द्र , जबलपुर द्वारा कृषकों हेतु अनन्नास की खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है साथ ही प्रगतिशील कृषकों के खेतों पर इसकी खेती के अभिनव प्रयास किये जा रहे है । केन्द्र द्वारा किये गये अभिनव प्रयास को वि.वि. के कुलपति प्रो . प्रदीप कुमार बिसेन एवं निदेशक कृषि प्रोद्यौगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान , जबलपुर के डॉ . एस.आर.के. सिंह द्वारा भूरी - भूरी प्रशंसा की गई एवं इसे जिले के कृषकों हेतु अतिलाभकारी व आय में वृद्धि करने के दृष्टिकोण से उपयोगी बताया एवं संचालक विस्तार सेवाएँ डॉ . दिनकर प्रसाद शर्मा ने कृषि विज्ञान केन्द्र , जबलपुर द्वारा किये गये इस अभिनव प्रयोग की प्रशंसा की है साथ जिले के कृषकों हेतु और अधिक प्रचार प्रसार करने की आवश्यकता पर जोर दिया ताकि किसान इसका ज्यादा से ज्यादा लाभ उठा सके । केन्द्र की प्रमुख डॉ . शुक्ला ने बतायाकि प्रदर्श न इकाई में लगे हुए इन पौधों को कृषक बंधु के दौरान अवलोकन कर उक्त पद्धति से इनका रोपण कर अतिरिक्त लाभ प्राप्त कर सकते है इस प्रकार अनन्नास की खेती कृषकों की आय दुगनी करने में मील का पत्थर सावित होगी ।

### रुक रुक कर हो रही बारिश

**जबलपुर।** जबलपुर में मानसून सक्रिय है रूक रूक कर बारिश हो रही है बारिश का आंकड़ा अब बढ़कर 416.3 मिली मीटर हो गया है। मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटों में तेज बारिश की संभावना जताई है।













स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)